# डॉक्टर बंगाली का क्लीनिक एसीएमओ द्वारा सील किया गया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर /नजीबाबाद प्राप्त जानकारी के अनुसार नजीबाबाद नगर के मौहल्ला मकबरा में एक बंगाली डॉक्टर द्वारा हजारों रुपये लेकर गलत उपचार करने की शिकायत पीड़ित गुलफाम निवासी कर्मसखेड़ी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा था कि बंगाली डॉक्टर ने हजारों रुपये लेकर बवासीर बीमारी का गलत उपचार किया। जिससे मरीज की तबियत ओर बिगड़ गई। शिकायत का निस्तारण व जांच करने के लिए बिजनौर से नजीबाबाद पहुचे एसीएमओ डॉक्टए राजेंद्र विश्वकर्मा ने मौहल्ला मकबरा स्थित बंगाली चिकित्सक की क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर बंगाली कोई भी डिग्री व रजिस्ट्रेशन कागजात नही दिखा पाया। एसीएमओ ने अवैध रुप से चिकित्सा कार्य करने के मामले में डॉक्टर आरके पोदार बंगाली की क्लीनिक को सील कर दिया।एसीएमओ डॉ. विश्वकर्मा ने बंगाली क्लीनिक को सील करते हुए तीन दिन का समय दिया और तीन दिन के भीतर सीएमओ कार्यालय आकर रजिस्ट्रेशन व सक्षम डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करने का नोटिस दिया।



एसीएमओ ने बताया कि शिकायतों के आधार पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई है।

# गुलदार ने दुधारू गाय को बनाया निवाला गुलदार ग्रामीणों में दहशत का माहौल।



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ थाना क्षेत्र ग्राम मानियावाला निवासी मौहम्मद शुऐब पुत्र बाबू अहमद ने बताया कि उसने थाना रेहड़ के गांव रामपुरकला में अपने खेत के समीप पशुओं के लिए गौशाला बना रखी है ।शुक्रवार वो किसी कार्य वंश वह अपने गांव आया हुआ था कि जब वापस डेरे पर पहुंचा उसने देखा कि उसकी दुधारू गाय गौशाला में नही थी उस गाय का पता नहीं था तलाश करने पर गाय झाड़ियों में मृत अवस्था में पाया गुलदार ने उसे अपना निवाला बना लिया घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि ग्रामीणों ने गाय को अवशेषों सहित जमीन में दफन कर दिया है। क्षेत्र में गुलदार की दस्तक से क्षेत्र वासियों में खौफ का माहौल है थाना क्षेत्र के ग्राम मनियावाला में लगभग दो सप्ताह से गुलदार के देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है दिन छुपते ही ग्रामीणों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है शुक्रवार की रात्रि 12 बजे फोर लाइन के निकट ग्राम मानियावाला की ईदगाह के सामने कॉलोनी में रफीक सलमानी अपने बच्चों सहित घर का के आंगन में सो रहा था आहट से उसकी आंख खुल गई जैसे ही उसकी गुलदार की नजर पड़ी तो उसकी चीख निकल गई की चीख पुकार सुनकर कॉलोनी निवासी डण्डें लेकर बाहर आ गए जिससे गुलदार भाग गया जिसको लेकर ग्रामीणों में खौफ का माहौल है ग्रामीणों ने मानियावाला में गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है

# नगर पालिका के सार्वजनिक शौचालय में लटक रहे ताले

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई/संभल ।स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत बनाए गए शौचालय में ताले लटके हुए हैं एक तरफ सरकार स्वच्छता अभियान को चलाकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका परिषद बहजोई द्वारा नगर में बनाए गए शौचालय में ताले लटके हुए हैं मामला जनपद संभल के नगर पालिका परिषद बहजोई का सामने आया है वार्ड नंबर 22 काली मंदिर के निकट मिनी स्टेडियम के पास बने सार्वजनिक शौचालय में ताले लटके हुए हैं जबकि शौचालय पूर्ण रूप से सही है शौचालय में ताले लगे होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है शौचालय में लगे हुए ताले से लग रहा है की नगर पालिका परिषद सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान में दिलचस्पी नहीं दिख रही सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान को नगर पालिका ठेंगा दिखा रही है।




# संस्कार भारती सरायतरीन द्वारा राधाष्टमी पर्व पर विश्व कल्याण यज्ञ कर राधा रानी का जन्म दिन मनाया।

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल। संस्कार भारती सरायतरीन द्वारा राधाष्टमी पर्व पर विश्व कल्याण यज्ञ कर राधा रानी का जन्म दिन मनाया। सरायतरीन के संतोषी माता के मंदिर में राधाष्टमी पर्व पर सबसे पहले विश्व कल्याण के लिए यज्ञ किया। संस्कार भारती के उपाध्यक्ष कमल चौधरी ने कहा कि राधा अष्टमी के दिन भक्त श्रीकृष्ण और राधा रानी की पूजा-अर्चना करने के साथ ही व्रत भी रखते हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की विधिवत पूजा करने से सुख-समृद्धि व खुशहाली का आगमन होता है और महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। राधा अष्टमी के दिन सौभाग्य व शोभन योग का शुभ संयोग बन रहा है। कार्यक्रम में राहुल वर्मा, दयाराम वर्मा,वावू राम प्रजापति,लोकेश चौधरी, निर्दोष बजाज, राजेश वर्मा, प्रवीन कुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा आदि ने भाग लिया।



# आजाद - अनीश पर कई जिलों में दर्जनों मुकदमे

## दिल्ली से अयोध्या आने पर ट्रेन में करते थे चोरी एवं लूटपाट

**दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या। 30 अगस्त को ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबल के साथ मारपीट करने वाला शातिर अनीश बृहस्पतिवार रात मुठभेड़ में मार गिराया गया। अनीश व घायल आजाद का अपराध की दुनिया में लंबा आपराधिक इतिहास है।

आजाद के ऊपर दर्जनभर से अधिक मुकदमे स्थानीय हैदरगंज थाने के अलावा नगर कोतवाली, जीआरपी व अन्य जनपदों गाजियाबाद, प्रयागराज और लखनऊ के थानों में दर्ज हैं। अनीश के विरुद्ध भी हैदरगंज थाना में कई मुकदमे दर्ज हैं।

थाना हैदरगंज क्षेत्र के दशलावन निवासी आजाद (40) ने कक्षा नौ की पढ़ाई करने के बाद एक हिंदू लड़की से निकाह कर लिया था। वह दिल्ली शहर में मकान पेंटिंग का कार्य करता है। उसने ट्रेन से घर आते-जाते समय यात्रियों से लूटपाट करते हुए जरायम की दुनिया में कदम रखा। फिर उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके चलते इस्के ऊपर स्थानीय थाना हैदरगंज में पॉक्सो एक्ट, गोकशी, जान से मारने की धमकी, अपहरण व दुष्कर्म सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं।

जिले के अयोध्या कोतवाली नगर, पूराकलंदर व जीआरपी थाने में लूटपाट, अपहरण और हत्या के प्रयास जैसे जघन्य अपराध भी दर्ज हैं। प्रदेश के अन्य जनपदों प्रयागराज, लखनऊ गाजियाबाद अन्य जिलों के जीआरपी थानों में चलती ट्रेन के अंदर यात्रियों को मारपीट कर लूटपाट करना, नशीले पदार्थों का प्रयोग करना, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित गंभीर धाराओं में मकदमे दर्ज हैं।



**■आजाद के नक्शे कदम पर चल रहा था अनीश**

पुलिस मुठभेड़ में मारा गया अनीश (25) कक्षा 10 की पढ़ाई करके आजाद का साथी बन गया और उसी के नक्शे कदम पर चलने लगा। उसने बगल के गांव मनऊपुर की दलित लड़की से शादी की। पत्नी के अलावा छह वर्ष की पुत्री आतिफा बानो है। पिता दिल का मरीज है तो उसका एक भाई ब्लड कैंसर का मरीज है। अनीस भी आजाद के साथ पेंटिंग का कार्य करने के लिए दिल्ली आया-जाया करता था। इसी के साथ क्राइम की दुनिया में पहुंच गया। हैदरगंज थाना प्रभारी अरशद के मुताबिक हैदरगंज थाने में इसके खिलाफ गोवध अधिनियम, गैंगस्टर व अपहरण जैसे गंभीर अपराधों में चार मुकदमे दर्ज हैं।

# पुलिस और राजस्व विभाग के अलावा अधिकारी या कर्मचारी समाधान दिवस में नहीं पहुंचे। चार शिकायत निस्तारण।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। शनिवार को स्थानीय थाना कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर पुलिस क्षेत्राअधिकारी कोतवाली प्रभारी वह लेखपालों ने समाधान दिवस पर आई अधिकतर शिकायतों का निस्तारण किया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना कोतवाली परिसर में प्रत्येक शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के मौके पर मौजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ भारत कुमार सोनकर तथा थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर के मुताबिक समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा आठ शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य चार शिकायतें सम्बंधित को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। सीओ भारत कुमार सोनकर व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने कहा है कि समाधान दिवस पर बाकी चार शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ितों की हर समस्या का निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। जिससे शिकायत करता को बार-बार समाधान दिवस में न आना पड़े। इस अवसर पर तेज तर्रार युवा पुलिस क्षेत्राधिकार भारत कुमार सोनकर, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर,कस्बा इंचार्ज एसआई गोपाल सिंह,क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, एसआई सोहन सिंह पुण्डीर,राजस्व निरीक्षक अफजलगढ़ नरेन्द्र सिंह, लेखपाल प्रमोद कुमार, नवाबुद्दीन,सौरभ चौहान, अंसारउलहक,सुरेश चंद्र सेमवाल,अनिरुद्ध चौहान, रकेश कुमार,भूपेंद्र सिंह, पप्पू शाह, प्रेम नारायण, आस मौहम्मद,बृजमोहन सिंह,अभय प्रताप सिंह, जगमोहन सिंह,यशवीर सिंह अरुण कुमार आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि समाधान दिवस के मौके पर अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग संबंधित होती हैं जबकि समाधान दिवस में अन्य सभी सरकारी विभाग के अधिकारी या कर्मचारियों को शिरकत करना जरूरी होता है परंतु पुलिस और राजस्व विभाग के अलावा किसी भी विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी समाधान दिवस में नहीं पहुंचता है।



# सभी केमिस्ट से ड्रग विभाग के निदेशों का पालन करना अनिवार्य

**दैनिक समाज जागरण**

संभल ।जनपद संभल के ड्रग विभाग की बैठक जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें औषधि निरीक्षक मुकेश जैन ने कहा कि शासन की मंशा है की नारकोटिक्स से संबंधित किसी भी प्रकार की दवाइयां कोई भी केमिस्ट बिना अपने रजिस्टर में अंकित किए हुए ना खरीदे ना बेचे।

उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स से संबंधित 46 प्रकार की दवाइयों की सूची प्रत्येक केमिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से मेडिकल तक पहुंचा दी गई है। इन 46 दवाइयां को खरीदने और बेचते समय प्रत्येक मेडिकल स्वामी अपने रजिस्टर में निर्धारित कालम बनाकर अंकित करेंगे। उन्होंने बताया कि संपूर्ण जनपद क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चल रहा है। प्रत्येक मेडिकल पर इससे संबंधित रजिस्टर बनवा दिया गया है। उसमें दवाइयों को खरीदने और बेचने की आवश्यक कार्यवाही अंकित करने को स्पष्ट कहा गया है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि यद्यपि संपूर्ण जनपद क्षेत्र में संचालित सभी मेडिकल स्वामियों से आग्रह कर लिया गया है कि नारकोटिक्स दवाइयों का खरीदना और बेचना ऑनलाइन या चेक के माध्यम से ही होगा। लेकिन फिर भी यदि कोई मेडिकल नकद बेचते हुए पाया गया अथवा रजिस्टर में खरीदने और बेचने की कार्रवाई पूर्ण रूप से अंकित नहीं हुई तब उसे मेडिकल का लाइसेंस निरस्त करने से लेकर किसी भी प्रकार की सजा दी जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रग विभाग के साथ-साथ कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या प्रशासन द्वारा नामित कोई भी अधिकारी किसी भी समय किसी भी मेडिकल का निरीक्षण करेंगे और निरीक्षण के समय पर नारकोटिक्स दवाइयों को खरीदने बेचने का रजिस्टर तो देखेंगे ही साथ में क्रय विक्रय के सभी बिल मेडिकल पर मिलने चाहिए और मेडिकल संचालक से संबंधित सभी शर्तों का पालन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। बैठक में ड्रग विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।


मुकेश चंद्र जैन औषधि निरीक्षक जिला =संभल

### पैसे न देने पर अश्लील विडियो को वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़* क्षेत्रीय वन अधिकारी नगीना के व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो कॉल कर अज्ञात नंबरों से ब्लैकमेल किया जा रहा है पीड़ित ने सीओ अफजलगढ़ को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने सीओ अफजलगढ़ को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसके व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर पर सोशल मीडिया व्हाट्सएप से की रात्रि एक वीडियो काल नम्बर से आई जिसको रिसीव करने पर सामने से निवस्त्र लडकी अश्लील हरकते करते हुए दिखाई दी उन लोगों द्वारा विडीयो बनाकर मुझसे पैसे की मांग की जा रही है एवं पैसे न देने पर उस अश्लील विडियो को वायरल करने की धमकी दी जा रही है एवं मोबाइल नं गूगल पे पर 35 हजार रू0 की मांग की जा रही है रुपया न देने पर बनाई गई अश्लील विडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मैल किया जा रहा है। वन क्षेत्र अधिकारी के व्यक्तिगत फोन करने वाले ने अपने आपको क्राइम ब्यूरो आफ इन्वेस्टीगेशन का अधिकारी बताकर हेल्प लाइन नंबर पर बात करने को कहा ।एवं विडियो डिलीट होने पर उसकी रिसीव स्लिप अपने मोबाईल नम्बर द्वारा उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर पर भेजने की बात कही है ।स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्त नंबरों पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 384 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी

# संभल तीर्थ परिक्रमा के रास्ते चिह्नित करने को पैमाइश शुरू

## पी डब्लू डी, राजस्व विभाग एवं समाजसेवियों ने किया रास्तों का निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

संभल ।संभल की प्रसिद्ध 24 कोसीए तीर्थ परिक्रमा के रास्ते पक्के बनाने का आदेश जैसे ही शासन से प्रशासन को मिला। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने अपने कार्यालय में राजस्व विभाग, पी डब्ल्यू डी के

ए ई विवेक कुमार बंसल सहित हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंघल, नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी एवं संभल तीर्थ परिक्रमा समिति के अध्यक्ष हिर्देश कुमार यादव को परस्पर सहयोग करते हुए संभल तीर्थ परिक्रमा के रास्ते चिह्नित करके प्रस्ताव बनाने को कहा।

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के नेतृत्व में समिति सभी जिम्मेदार वंश गोपाल तीर्थ पहुंचे। वहां से वंश गोपाल तीर्थ के स्वामी भगवत प्रिय जी महाराज को साथ में लिया और वंश गोपाल तीर्थ का जीर्णोद्धार करने, मार्ग पक्के और चौड़े बनाए जाने और वंश गोपाल से रसूलपुर सराय, बादल गुंबद और खानपुर तथा फिरोजपुर तक रास्ते का निरीक्षण किया गया। वंश गोपाल तीर्थ के स्वामी भगवत प्रिय महाराज ने कहा कि जहां तीर्थयात्री पतली मेड से गुजरते हैं वहां की जमीन अधिग्रहित करते हुए सड़क निर्माण किया जाए। जहां चकरोड है वहां चकरोड को और अधिक चौड़ा करते हुए सड़क का निर्माण किया जाए और जहां पक्की सड़क हैं वहां आने जाने और स्वागत करने वालों के लिए विशेष सुलभ स्थान तैयार करते हुए परिक्रमा मार्ग का निर्माण किया जाना चाहिए।

उप जिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी के निर्देश पर संबंधित विभागीय कर्मचारियों के साथ समाजसेवी और संभल तीर्थ परिक्रमा की जिम्मेदारी निर्वहन करने वालो ने अति उत्साह के साथ परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर नक्शा तैयार किया। पी डब्लू डी के ए ई विवेक कुमार बंसल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि संभल तीर्थ परिक्रमा का संपूर्ण मार्ग दो लेने का तैयार हो। दोनों तरफ हरे-भरे वृक्षारोपण हो और बीच में बिजली से प्रकाश की व्यवस्था हो। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि यथाशीघ्र इसी सप्ताह जिलाधिकारी संभल के माध्यम से संभल तीर्थ परिक्रमा का निर्माण कार्य का पूरा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया जाएगा। आशा है संभल परिक्रमा का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने स्थान स्थान पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत हेतु मंडप द्वार अथवा अन्य स्थल बनाने की योजना को भी कहा। संभल तीर्थ परिक्रमा समिति से जुड़े सभी जिम्मेदार, समाजसेवी गण अत्यधिक उत्साहित दिखे और इसी गर्व, गौरव और उत्साह के साथ उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति उनकी संवेदनशीलता और संभल का गौरव संभल को देने के प्रति आभार भी व्यक्त किया।



### भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आहूत

दैनिक समाज जागरण चंदोसी/संभल ।शीर्ष संगठन के आदेशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू के नेतृत्व मे चंदौसी में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही के आवास पर भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आहूत की गई ।जिसमें जिलाध्यक्ष राखी सिरोही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति अधिनियम बिल पास करने पर बहनों के साथ मिठाई वितरण कर एवं एक - दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव मनाया । जिलाध्यक्ष राखी सिरोही ने कहा कि इस बिल के पास होने से सदन में महिलाओं को पहुंचने का मौका मिलेगा , जिससे नारी शक्ति मजबूत होगी और उन्हें अपनी आवाज सदन तक में उठाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सभी कार्यकताओं से 24 सितम्बर को मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर तक सुनने एवं सुन कर नमो ऐप एवं सरल ऐप पर अपलोड करने को कहा। बैठक में जिला महामंत्री मोक्षिका शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आशा गोस्वामी, रेखा सैनी,नगर अध्यक्ष कुमुद अग्रवाल , नीलम अरोरा, आभा रानी, रेखा रस्तोगी, प्रीति ,राधा, आदि बहनें उपस्थित रहीं।



आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक / साइज 3X5 Cm

# जॉयट्स सेवा सप्ताह के अंतिम दिन महिला समृद्धि की ओर से स्कूल को भेंट किए गए सीलिंग फैन

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। जायंट्स सेवा सप्ताह के अंतिम दिन महिला समृद्धि की ओर से नगर के नव निर्मित गरीब बच्चों के सहायतार्थ खोले गए एक पब्लिक स्कूल में दो सीलिंग पंखे भेंट किए गए। इसके अलावा संगठन की महिलाओं ने बच्चों को पीने के पानी की बोतलें वितरित कीं। स्कूल की अध्यापिकाओं ने ग्रुप का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्षा रूपम गुप्ता, सचिव सरिता वार्ष्णेय, आंचल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, कंचन सक्सेना, पिंकी वार्ष्णेय, डा. स्वाति गुप्ता, रुचि, रोचन, पारूल, ममता यादव उपस्थिति रहीं।



### रोटरी क्लब दशकों से गरीब लोगों व समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा - रवि प्रकाश

बिसौली आई एम खान। रोटरी क्लब के बैनर तले दबतरा रेलवे स्टेशन के समीप ग्रामीणों की आंखों की जांच हेतु फ्री कैंप लगाया गया। उक्त शिविर में दिनेश मधु रोटरी आई हास्पिटल के चिकित्सक डा. सुनील गुप्ता व डा. अनुज वार्ष्णेय ने नेत्र परीक्षण किया। अस्पताल के संयोजक रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब दशकों से गरीब लोगों व समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से भविष्य में भी समाजसेवा के कार्य लगातार जारी रहेंगे। शिविर में रवि प्रकाश अग्रवाल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष डा. मनोज महेश्वरी, सचिव आलोक गर्ग, विनय कुमार शर्मा, देवेन्द्र सिंह चौहान, डा. सुनील गुप्ता, अनुज, रजनीश आदि मौजूद रहे।



# आशाराम निषाद फिर बने निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष

## समर्थकों में छाई खुशी की लहर

अयोध्या जिले में निषाद पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने वाले तारुन ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसांवा महोला मजरे हरीपुर निवासी आशाराम निषाद पर विश्वास जताते हुये पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उनके सिर पुनः पार्टी का अयोध्या जिले का ताज सौपा हैं।

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आमदल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने आशाराम निषाद की अयोध्या जिले में संगठन के प्रति वफादारी से खुश होकर यह जिम्मेदारी उन्हें दुबारा सौपी हैं उनके मनोनयन पर पार्टी नेता अरुण यादव, दिग्विजय सिंह शिवराज, लालता प्रसाद निषाद, संजय निषाद, महेश ठाकुर, प्रेम सागर निषाद, अजय निषाद, राम पाल निषाद, राम जुगुन निषाद, अवध लाल निषाद, गोबिंद निषाद, मूल चन्द निषाद, यमुना निषाद, राहुल निषाद आदि ने खुशी का इजहार करते हुये उन्हें बधाई दी है।



# डीआरए राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को लगेगा वृहद रोजगार मेला

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। डीआरए राजकीय महाविद्यालय में आगामी 26 सितम्बर को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय व महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में रिक्त 742 रिक्तियों पर भर्ती प्रक्रिया होगी। प्राचार्य डा. पीके वार्ष्णेय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक छात्र छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से बायोडाटा फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह अक्टूबर 2023

अयोध्या /जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के आवासीय सभागार में 03 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अंतर्विभागीय समन्वय



बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 1अक्टूबर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक तथा दस्तक अभियान 17 अक्टूबर 2023 से 31अक्टूबर 2023 तक चलेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान आरंभ से पूर्व सभी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करा लें,कार्ययोजना तैयार कर जनपद पर समय से नोडल विभाग स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दें,साथ ही अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण सुनिश्चित करा लें। अभियान में किसी भी विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन सामान्य को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कूलर, टायरों, किसी भी समान में पानी को एकत्रित न होने दें, साफ पानी मे मच्छर पनपते हैं जिससे मलेरिया व अन्य वेक्टर जनित बीमारियां होती हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी श्री विशाल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीपीओ, समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, संबंधित विभागों के जनपदीय अधिकारी, नोडल अधिकारी, डीएमओ, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक, संस्थाओं डब्लूएचओ,यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीएचईआईओ, डीपीएम, डीसीपीएम एवम अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए।

## संदिग्ध परिस्थिति में की किशोरी की हुई मौत

समाज जागरण / पीडीडीयू नगर चन्दौली मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कूड़ा बाजार चौकी अंतर्गत काली महल में किशोरी की फांसी लगी संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत



बताते चले की रेशमा पुत्री सनाउल्लाह हाशमी निवासी वार्ड नंबर 13 काली महाल पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद चंदौली। कल शुक्रवार को शाम लगभग 5:00 बजे परिजन को सूचना मिली कि रेशमा अपने बहन के घर पर फांसी लगा लिया है। मौके पर पहुंचे भाई ने दुपट्टा से लगा हुआ फांसी के फंदे को काटा और आनन फानन में आनंद हॉस्पिटल लाठ नंबर दो ले गया डॉक्टर ने जवाब दे दिया। इसके बाद गुरुद्वारा के पास डॉक्टर यहां ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे मुगलसराय इंस्पेक्टर दीनदयाल पाण्डेय व एक्सपर्ट टीम ने जांच पड़ताल कर डेड बॉडी कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। मामला संदिग्ध बताया जा रहा है इंस्पेक्टर साहब ने बताया की बॉडी पोस्टमार्टम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद जांच कर संवैधानिक करवाई की जाएगी।

# नीबूपुर मे होगा विशाल भण्डारा गणेश उत्सव के मौके पर

**समाज जागरण मो0 आदिल**

चन्दौली ( पड़ाव ) आगामी श्री गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर नीबूपुर मे विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है इस भण्डारा मे तमाम राजनैतिक दलों प्रतिनिधि, प्रशासनिक, शिक्षा जगत , सामाजिक, समेत अन्य हस्तियां का जमावाडा होगा यह भण्डारा काफी पहले से मनाया जाता है इस बार यह कार्यक्रम 2692023 को शाम पांच बडे से मनाया जाएगा इस बात की सूचना पूर्व प्रधान नीबूपूर एवं राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष श्री सुनील कुमार यादव ( देवता ) ने दिया है

# मोदी के स्वागत में अपना घर आश्रम गंगा प्रहरी पौधे लगाये

समाज जागरण / वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर गंगा प्रहरी अपना घर आश्रम सामने घाट मदरवा मे प्रधानमंत्री स्वच्छता दूत गंगा प्रहरी दर्शन निषाद अपने टीम के साथ वृक्षारोपण किया यह पौधे पीएम ने आगमन को लेकर भी लगाया गया गया निषाद ने बताया कि वृक्षारोपण प्रधानमंत्री जी को बहुत पसंद है इसलिए देशवासियों से भी अपील है क्लीन सिटी ग्रीन सिटी बनाये रखने हेतू पौधे अवश्य लगाए यह सभी मानव हृदय में हरियाली की खुशबू होनी चाहिए, आश्रम में खुशबूदार पौधे लगाए गए बेला,चमेली, अल्बेंडा, हिबिस्कुस रोसा सीनेंसिस गुड़हल और फलदार अमरूद के कुल 21 पौधे रोपित किए गए इस कार्यक्रम में कम्युनिटी ऑफिसर सुनीता रावत कहा कि यह गंगा किनारे पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्लांटेशन किया जा रहा है आश्रम के अधिकारी डॉक्टर के निरंजन ने कहा प्लांटेशन प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए हम गंगा प्रहरी के कार्यों से काफी प्रभावित होते रहते हैं इस कार्यक्रम में गंगा प्रहरी दीनदयाल निषाद, राहुल यादव, आश्रम के पदाधिकारी संरक्षक डॉक्टर के निरंजन अधिकारी अभिषेक पांडे, पूजा श्रीवास्तव,रवि निषाद , गंगा प्रहरी संजना रिंकी फूला देवी, सुमन गंगा प्रहरी नीतू खुशबू खुशी खुशबू प्रयास संध्या सिमरन जोगेंद्र उपस्थित रहे ।




## नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) - सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और अखिल विश्व गायत्री परिवार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

मादक द्रव्य के उपयोग से जुड़ी नशे की लत एक ऐसा मुद्दा है जो देश के सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की क्षमता रखता है। किसी भी पदार्थ पर निर्भरता न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उनके परिवारों और पूरे समाज को भी प्रभावित करती है। विभिन्न साइको-एक्टिव पदार्थों के नियमित सेवन से व्यक्ति इन पर निर्भर हो जाता है।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ

## रक्त दान शिविर में आईटीआई स्टाफ एवं विद्यार्थियों का करेंगे उत्साह वर्धन

**23 सितम्बर 2023 लखनऊ। समाज जागरण**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल 25 सितम्बर 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र, आई0टी0आई0 कैम्पस, अलीगंज, लखनऊ में टाटा टेक्नोलॉजी लि. (टीटीएल) के सहयोग से प्रदेश के 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन हेतु अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों के लिए प्रशिक्षण के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 11:35 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिन 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर के बीच चल रहे आयुष्मान भव पखवाड़े तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती (25 सितम्बर) के अवसर पर आईटीआई स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित रहेंगे।

# यारी इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन रणवीर लोहान टीम के साथ पहुंचे झुग्गी झोपड़ी बस्ती में

**समाज जागरण**

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : समाजसेवी संस्था यारी इंडिया फाउंडेशन के चेयरमेन रणबीर लोहान अपनी टीम के साथ वार्ड नंबर 14 पुलिस स्टेशन के सामने झुग्गी झोपड़ी बस्ती के बच्चों को निशुल्क पढ़ाने वाले युवा शिक्षक सोमवीर के पास पहुंचे नंद कॉलोनी निवासी प्राथमिक शिक्षक अवॉर्डी राजेंद्र ने कहा कि यारी इंडिया फाउंडेशन समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है वो स्वयं भी इस संस्था से काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं इस दौरान युवा शिक्षक सोमवीर ने झुग्गी झोपड़ी बस्ती के बच्चों हेतु पढ़ाई संबंधित कुछ मांगे रखी इन मांगों को चेयरमैन रणवीर लोहान ने पूरा किया और बच्चों को कॉपियां वितरित की गई चेयरमेन रणवीर लोहान ने अपने संबोधन में युवा शिक्षक सोमवीर व उसकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की ओर कहा कि शिक्षक सोमवीर व उसकी टीम द्वारा गजब का बीड़ा उठाया हुआ है इससे बड़ा कोई काम नहीं है इस टीम ने अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम किया है अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए इस टीम के प्रयास काफी सराहनीय है उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुश्किल काम करना चाहिऐ आसान काम करने की जरूरत नहीं होगी यारी इंडिया फाउंडेशन जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करती है और जरूरतमंद बच्चों का बीमार होने पर इलाज भी करवाती है यारी इंडिया फाउंडेशन द्वारा कई लोगों की जाने बचाई जा चुकी है उन्होंने कहा कि वो स्वयं भी यारी इंटरनेशनल फाउंडेशन अमेरिका से जुड़े हुए हैं और यह संस्था 10 देशों में काम करती है इस दौरान समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले शिक्षक राजेंद्र जांगड़ा, जोगिंदर, सोमवीर, हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा, गरिमा सलूजा ,सविता जांगड़ा, कमल हंदुजा, संजय मेहता, बुध राम गुप्ता व पार्षद ज्योति बंसल को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गयो



## भारतीय सेना की एक टुकड़ी रुस में आंतकवाद रोधी जमीनी प्रशिक्षण अभ्यास पर एमडीएमएम प्लस ईडब्ल्यूजी के लिए रवाना हुई

राजपूताना राइफल्स के साथ सबद्ध एक बटालियन के 32 कर्मियों की एक टुकड़ी 25-30 सितंबर,2023 तक रुस में आतंकवाद रोधी जमीनी प्रशिक्षण अभ्यास (एफटीएक्स) आसियान रक्षा मंत्री बैठक (एडीएमएम) प्लस विशेषज्ञ कार्यदल(ईडब्ल्यूजी) के लिए रवाना हुई। इस बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास की मेजबानी ईडब्ल्यूजी के सहअध्यक्ष के रुप में रुस, म्यामांर के साथ मिलकर कर रहा है। यह अभ्यास नाएप्यीडॉ, म्यामांर में 2-4 अगस्त,2023 तक एडीएमएम प्लस ईडब्ल्यूजी की टेबल टॉप अभ्यास के पश्चात हो रहा है।

वर्ष 2017 के बाद से एडीएमएम प्लस बैठक दक्षिण पूर्ण एशिया के देशो( आसियान) तथा प्लस देशों के साथ वातार्लाप और समन्वय का अवसर प्रदान करती है। शुरूआती एडीएमएम का आयोजन हनोई में 12 अक्टूबर,2010 को किया गया था।



इस वर्ष आसियान सदस्यों के साथ प्लस समूह भी अभ्सास में भागीदारी कर रहा है।

अभ्यास के दौरान आंतकवाद रोधी अनेक अभ्यासों का आयोजन किया जाएगा। इसमें दृढ़ीकृत क्षेत्र में आंतकवादी समूहों को नष्ट करना भी सम्मिलित होगा। इस अभ्यास का मुख्य लक्ष्य आतंकवाद रोधी क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना एवं इसे प्रोत्साहन देना है।

आतंकवाद रोधी पर एडीएमएम प्लस ईडब्ल्यूजी भारतीय सेना को आंतकवाद विरोधी अभियान में अपनी विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं को सांझा करने का एक मंच प्रदान करने के साथ-साथ 12 अन्य देशो के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। भारतीय सेना को इस अभ्यास से एक सर्वश्रेष्ठ व्यवसायिक अनुभव प्राप्त होने की आशा है।

## तृतीय सह गोला-बारूद (एमसीए) बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77) का शुभारंभ

तृतीय मिसाइल सह गोला-बारूद (एमसीए) बार्ज, यार्ड 77 (एलएसएएम 9) का युद्धपोत का शुभारंभ अधीक्षक (विशाखापत्तनम) सीएमडीई जी रवि द्वारा 22 सितम्बर 2023 को गुट्टेनादेवी, पूर्वी गोदावरी, आंध्र प्रदेश (मैसर्स एसईसीओएन का प्रक्षेपण स्थल) में किया गया । स्वदेशी निमार्ताओं से प्राप्त सभी प्रमुख और सहायक उपकरणों /प्रणालियों से लैस, यह बार्ज रक्षा मंत्रालय की "मेक इन इंडिया" पहल का गर्व से भरा ध्वजवाहक है।

08 एक्स मिसाइल सह गोला-बारूद (एमसीए) बार्ज के निर्माण और वितरण के लिए मैसर्स एसईसीओएन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम, एक एमएसएमई भारत सरकार की पहल ह्रआत्मनिर्भर भारतह्र के साथ



अनुबंध किया गया था। एमएसएमई शिपयार्ड ने पहले ही 18 जुलाई 2023 को पहला एमसीए बार्ज सौंप र दिया है और 18 अगस्त 2023 को दूसरे बार्ज का शुभारंभ किया है। इस बार्ज का निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अंतर्गत 30 साल की सेवा अवधि के साथ किया जा रहा है। एमसीए बार्ज की उपलब्धता भारतीय नौसेना के जहाज व पोतघाट के साथ बाहरी बंदरगाहों दोनों पर वस्तुओं/गोला-बारूद के परिवहन, आरोहण और उतरने के लिए परिचालन प्रतिबद्धताओं की सुविधा प्रदान करेगी।

## केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह 26 सितंबर, 2023 को "ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के सामाजिक लेखा परीक्षा" पर दूसरे राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करेंगे

इस सेमिनार का विषय -"पारदर्शता और जवाबदेही लाने की दृष्टि से सामाजिक लेखापरीक्षा की पुनःसमीक्षा करना" है

महात्मा गांधी नरेगा ग्राम सभा को सभी कार्यों और व्ययों का नियमित सामाजिक लेखा परीक्षण करने का अधिकार देता है

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह 26 सितंबर 2023 को डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में "ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के सामाजिक लेखा परीक्षा" पर दूसरे राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करेंगे। इस राष्ट्रीय सेमिनार का विषय "पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दृष्टि से सामाजिक लेखापरीक्षा की पुनः समीक्षा करना" है।

इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास और इस्पात राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केंद्रीय ग्रामीण विकास और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव (महात्मा गांधी नरेगा) श्री अमित कटारिया और मंत्रालय के अधिकारी, सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

सेमिनार में भाग लेने वाले विशेषज्ञों और अधिकारियों को सामाजिक लेखा परीक्षा के संबंध में अपने अनुभव साझा करने के लिए राज्यों से आमंत्रित किया गया है। इस सेमिनार में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सामाजिक लेखापरीक्षा यूनिट के निदेशक राज्य की सामाजिक लेखापरीक्षा टीम के एसआरपी (राज्य संसाधन व्यक्ति), डीआरपी (जिला संसाधन व्यक्ति) और बीआरपी (ब्लॉक संसाधन व्यक्ति) के साथ भाग लेंगे। उनकी जानकारियां चर्चाओं को काफी समृद्ध करेंगी, और जमीनी स्तर पर अपनाई गई सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां दूसरों के अनुसरण के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा) ग्राम सभा को सभी कार्यों और व्ययों का नियमित सामाजिक लेखा परीक्षण करने का अधिकार देता है।

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत सामोराह मे सम्मानित विद्यार्थियों को दी शुभकामानायें

23 सितम्बर 2023 लखनऊ।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के दशम दीक्षांत सामोराह प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेल पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष, डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट ऑफ इंडिया पद्म श्री सम्मानित डॉ. कनुभाई टेलर मुख्य अतिथि तथा प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सर्वप्रथम शैक्षिक सत्र 2022-23 में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत 1622 विद्यार्थियों को उपाधियों से विभूषित होने एवं 112 मेधावी विद्यार्थियों को 142 पदकों से अलंकृत होने पर शुभकामानायें दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना है कि हर दिव्यांग सशक्त और समर्थ बने। दिव्यांगजनों में दिव्य शक्ति का वास होता है, जिससे वे किसी भी बड़ी सफलता को प्राप्त करने मे सक्षम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजनाये संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगनजों के लिए अब प्रदेश में दो विश्वविद्यालय हो गये है, जिसे प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों को निशुल्क शिक्षा एवं रहन सहन की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोबाईल कोर्ट के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में ब्रेल प्रेस के माध्यम से दृष्टि बाधित बच्चों को पठ्न-पाठ्न की सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में छात्राओं की बढ़ती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुए 48 करोड़ रुपए की लागत से नवीन महिला छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि लगभग 10 लाख दिव्यांगजनों को पेंशन दी जा रही है। दिव्यांगजन मंत्री ने कहा कि शादी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को शादी प्रोत्साहन योजना के तहत 35 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा रही है, इसमें दिव्यांग दम्पत्ति को शादी प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने हेतु पंजीकरण की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित समस्त 16 विशेष विद्यालयों को अपनी उच्च स्तरीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण व्यवस्था सहित कैम्पस की उच्च स्तर प्रबन्ध प्रणाली के लिये वित्तीय वर्ष 2022-23 आईएसओ 90012015 प्रमाणीकरण प्रदान किया गया है। इन विद्यालयों में गुणवत्तापरक शिक्षा के लिये स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था की गई है।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के दशम दीक्षांत सामोराह में 30 दृष्टिबाधित बालिकाओं को वस्त्र, फल, एवं मिष्ठान वितरित किया गया। 05 आंगनवाड़ी केन्द्र को आंगनवाड़ी किट वितरित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित, विश्वविद्यालय के ग्रामिण क्षेत्रों में संचालित किये जाने वाले कार्यक्रमों में उत्कृष्ट सहयोग के लिए ग्राम फतेहगंज निवासी करन शर्मा एवं श्वेता राजपूत को सम्मानित किया गया। दीक्षांत परिधान अलंकरण के पश्चात शैक्षिक शोभा यात्रा प्रारम्भ हुई और राष्ट्रगान के पश्चात जल भरो कार्यक्रम के साथ दशम्‍ दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ हुआ।

# प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में 'अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023' का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023' का उद्घाटन किया। सम्मेलन का उद्देश्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और कानूनी मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत करना है।

सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने वैश्विक कानूनी बिरादरी के प्रसिद्ध लोगों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इंग्लैंड के लॉर्ड चांसलर, श्री एलेक्स चाक और बार एसोसिएशन ऑफ इंग्लैंड के प्रतिनिधियों, राष्ट्रमंडल और अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधियों और देश भर के लोगों की उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का प्रतीक बनें। प्रधानमंत्री ने विदेशी गणमान्य व्यक्तियों का भारत में स्वागत किया और इस कार्यक्रम के आयोजन का नेतृत्व करने के लिए भारतीय अधिवक्ता परिषद को भी धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री ने किसी भी देश के विकास में कानूनी बिरादरी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "वर्षों से न्यायपालिका और बार भारत की न्यायिक प्रणाली के संरक्षक रहे हैं।" प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में कानूनी पेशेवरों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महात्मा गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, बाबू राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, लोकमान्य तिलक और वीर सावरकर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, "कानूनी पेशे के अनुभव ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत करने का काम किया है और आज की निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली ने भारत में दुनिया का विश्वास बढ़ाने में भी मदद की है।"

प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब देश कई ऐतिहासिक निर्णयों का गवाह रहा है और लोकसभा और राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने को याद किया, जो लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देता है। प्रधानमंत्री ने कहा, "नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नई दिशा और ऊर्जा देगा।" उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न जी20 शिखर सम्मेलन में दुनिया को भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और कूटनीति की झलक मिली। इसी दिन, एक महीने पहले, प्रधानमंत्री ने याद किया कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 को सफलतापूर्वक उतारने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। इन उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आज का भारत जो आत्मविश्वास से भरा हुआ है, 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में न्याय प्रणाली के लिए मजबूत, स्वतंत्र और निष्पक्ष नींव की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 बेहद सफल होगा और प्रत्येक देश को अन्य देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज की दुनिया में आपसी संबंधों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में कई ताकतें हैं जिन्हें सीमाओं और अधिकार क्षेत्रों की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा, "जब खतरे वैश्विक हैं तो उनसे निपटने के तरीके भी वैश्विक होने चाहिए।" उन्होंने साइबर आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग की संभावनाओं पर बात की और कहा कि ऐसे मुद्दों पर एक वैश्विक रूपरेखा तैयार करना सिर्फ सरकारी मामलों से आगे है, बल्कि यह विभिन्न देशों के कानूनी ढांचे के बीच जुड़ाव की भी मांग करता है। वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वाणिज्यिक लेनदेन की बढ़ती जटिलता के साथ, एडीआर ने पूरी दुनिया में लोकप्रियता हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत में विवाद समाधान की अनौपचारिक परंपरा को व्यवस्थित करने के लिए भारत सरकार ने मध्यस्थता अधिनियम बनाया है। इसी तरह, लोक अदालतें भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं और लोक अदालतों ने पिछले 6 वर्षों में लगभग 7 लाख मामलों का समाधान किया है।

न्याय वितरण के एक महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालते हुए, जिसके बारे में ज्यादा विचार नहीं किया गया है, प्रधानमंत्री ने भाषा और कानून की सरलता का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने सरकार के दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी और किसी भी कानून को दो भाषाओं में पेश करने के संबंध में चल रही चर्चा के बारे में बताया - एक जिसकी कानूनी प्रणाली आदी है और दूसरी आम नागरिकों के लिए। "नागरिकों को यह महसूस करना चाहिए कि कानून उनका है", श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार सरल भाषा में नए कानूनों का मसौदा तैयार करने का प्रयास कर रही है, उन्होंने इसके लिए डेटा संरक्षण कानून का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने अपने निर्णयों को 4 स्थानीय भाषाओं हिंदी, तमिल, गुजराती और उड़िया में अनुवाद कराने की व्यवस्था करने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय को बधाई दी और भारत की न्यायिक प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव की सराहना की।

"वर्षों से, न्यायपालिका और अधिवक्ता परिषद भारत की न्यायिक प्रणाली के संरक्षक रहे हैं"

"कानूनी पेशे के अनुभव ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत करने का कार्य किया है और आज की निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली ने भारत में दुनिया का विश्वास बढ़ाने में भी मदद की है"

"नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारत में महिला नेतृत्व वाले विकास को नई दिशा और ऊर्जा देगा"

"जब खतरे वैश्विक हैं, तो उनसे निपटने के तरीके भी वैश्विक होने चाहिए"

"नागरिकों को यह महसूस होना चाहिए कि कानून उनका है"

"अब हम भारत में सरल भाषा में नए कानूनों का मसौदा तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं"

"कानूनी पेशे में नई तकनीकों की प्रगति का लाभ उठाया जाना चाहिए"

अंत में, प्रधानमंत्री ने कानूनी प्रक्रियाओं को प्रौद्योगिकी, सुधारों और नई न्यायिक प्रक्रियाओं के माध्यम से सुव्यवस्थित करने के तरीके खोजने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति ने न्यायिक प्रणाली के लिए नए रास्ते खोले हैं और कानूनी पेशे द्वारा तकनीकी सुधारों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश, डॉ. डी. वाई. चंद्रचूड़, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल, भारत के अटॉर्नी जनरल, श्री आर. वेंकटरमणी, भारत के सॉलिसिटर जनरल, श्री तुषार मेहता, अध्यक्ष, अधिवक्ता परिषद, श्री मनन कुमार मिश्रा और ब्रिटेन के लॉर्ड चांसलर, श्री एलेक्स चाक भी उपस्थित थे।

**पृष्ठभूमि**

भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा 23-24 सितंबर, 2023 को 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और कानूनी मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत करना। देश में पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में उभरते कानूनी प्रचलन, सीमा पार मुकदमेबाजी में चुनौतियां, कानूनी प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय कानून आदि

# राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर नारनौल में सम्मान रैली

**विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़, सितम्बरः पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्रुति चौधरी ने नारनौल में पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह जी व डॉ. राज सुनेश यादव जी द्वारा आयोजित शहीद सम्मान रैली को सम्बोधित किया। इस दौरान मिले प्यार और स्नेह के लिए जनता का आभार जताया।

1857 की क्रांति के महानायक शहीद राव तुलाराम जी की पावन धरती पर जन समर्थन देख साफ नजर आया कि आने वाला वक्त कांग्रेस का है।

बहन श्रुति चौधरी ने कहा की हठधर्मी गठबंधन सरकार को आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में बाहर का रास्ता दिखाने के लिए जनता पूरा मन बना चुकी है। सरकार से त्रस्त प्रत्येक वर्ग का हित कांग्रेस में ही है।

श्रुति चौधरी जी ने डेढ़ महीने से सड़कों पर बैठकर सरकार से हक मांग का अभियान चलाया हुआ है। इस अवसर पर रैली स्थल पर बड़ी संख्या में पहुँची आशा वर्क्स ने कहा कि अपने हकों के लिए लम्बे समय से संघर्ष अभियान चलाया हुआ है। आशा वर्क्स टीम की अध्यक्ष व कार्यकताओं ने कहा कि हरियाणा के भिन्न भिन्न जिला मुख्यालयों के साथ साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से इंसाफ माँगने के लिए हर कोने से गुहार लगाई है लेकिन हमारी राहें रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाता है।कुछ समय पहले पंचकूला में सरकार द्वारा कराए गए लाठी चार्ज में कितने ही भाई बहनों को चोट खानी पड़ी। पर सरकार ने सुनवाई नहीं की।विभिन्न स्कीमों द्वारा लोगों को उनके भविष्य को बनाने का विश्वास दिलाया जा रहा है, लेकिन वो हकीकत से कोसों दूर है। पीपीपी कार्ड जैसी योजनाएँ झूठी दिलासा है। अशिक्षित होने के कारण निम्न आय वर्गों को कुछ समझ नहीं है।अपने सरकारी आयोजनों में ऐसे गरीब लोगों को गाड़ियों में भरकर लाना और तालियाँ बजवाते हैं।

इस अवसर पर श्रुति चौधरी ने वहाँ माँग पत्र देने आई आशा वर्कर बहनों से भी मुलाकात की और आश्वासन दिया उनकी बात गूंगी-बहरी सरकार तक पहुंचाने का पुरजोर प्रयास किया जाएगा।

# आईएमटी चौकी का एक एस आई. सुन्दर रिश्वतखोरी मामले में धरा गया

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने 50 हजार लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**सुरेन्द्र शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा**



फरीदाबादः सितम्बरः फरीदाबाद में सेवा, सुरक्षा, सहयोग का दावा करने वाली हरियाणा पुलिस के दामन को एक रिश्वतखोर एएसआई द्वारा दागदार करने का मामला सामनेवाला आया है। दरअसल फरीदाबाद सदर के अंतर्गत आने वाली आईएमटी चौकी के एएसआई सुंदर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए किया रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसआई सुंदर लड़ाई-झगड़े के एक मामले में बंद कर रखे एक आरोपी को छोड़ने के एवज में ये पैसे ले रहा था। आरोपी ने पहले तो एक लाख की मांग की। लेकिन बाद में 50 हजार रुपए लेकर युवक को छोड़ने पर राजी हो गया था। जिसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के एसपी को दी गई। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए एएसआई को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। रिश्वतखोर एएसआई सुंदर मारपीट के मामले में एक आरोपी को छोड़ने के एवज में 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका भतीजा मारपीट के एक मामले में छिपकर बैठा हुआ था जिसे वह खुद थाने लेकर पहुंचे थे, जहां थाना इंचार्ज ने बताया कि यह मामला आईएमटी चौकी के अंतर्गत आता है इसलिए इसे चौकी में ले जाएं।

उन्होंने बताया कि वह आईएमटी चौकी में पहुंचे जहाँ उनकी मुलाकात एएसआई सुंदर से हुई। उन्होंने युवक को चौकी में बिठा लिया और जांच करने की बात कही जिस पर वह लोग वापस आ गए लेकिन तीन-चार दिन बाद जब वह वहां पहुंचे तब भी उन्होंने उसे नहीं छोड़ा और कहा कि जांच चल रही है, कल तक वापस भेज देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी उसे वापस नहीं भेजा गया और जब चौकी में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि इस पर कई धाराओं के तहत संगीन मामला बनता है, इसलिए यह लंबा समय के लिए अंदर जाएगा।

इसके बाद उन्होंने उसे क्राइम ब्रांच में ले जाकर टॉर्चर किया और कहा कि बगैर पैसे के कोई काम नहीं होता। एएसआई ने उनसे कहा कि एक लाख का इंतजाम कर लो लेकिन बाद में वह 50 हजार पर मान गया।

# हरियाणा में 20 हजार हड़ताली आशा वर्कर्स 25 सितम्बर को देंगी सामूहिक गिरफ्तारियॉं

**विनोद कश्यप प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा की 20 हजार हड़ताली आशा वर्कर्स 25 सितंबर यानि कल जिला मुख्यालयों पर अपनी गिरफ्तारियां देंगी। इसके लिए यूनियन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यूनियन का दावा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञातव्य है कि 8 अगस्त से आशा वर्कर्स हड़ताल पर हैं। आशा



वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य अध्यक्ष सुरेखा और महासचिव सुनीता ने कहा कि आशा वर्कर्स के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसके बावजूद भी सरकार लंबे समय से अड़ियल रवैया अपनाए हुए है। हड़ताल के 45 दिन बाद विभाग के मिशन निदेशक राज नारायण कौशिक की अध्यक्षता में आशा वर्कर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता हुई है। बैठक में 10 सूत्रीय मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा हुई है, जिससे आने वाले समय में मांगों का सकारात्मक समाधान होने की संभावना पैदा हुई है।

लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक भी वार्ता की कोई तारीख तय नहीं की गई है। महासचिव सुनीता ने बताया कि 25 सितंबर को आशा वर्कर्स सामूहिक गिरफ्तारियां देंगी।

# स्वयं को गृह मंत्री अनिल विज का ओ. एस. डी. बताकर अंबाला भाजपा मंडल के उप प्रधान आशीष गुलाटी ने नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे 27 लाख

## मामले में लिप्त आशीष दत्ता का भान्जा लक्ष्य अभी फरार

**विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के अम्बाला से एक बड़ा मामला सामने आ रहा है जिसमे प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का ओ. एस. डी बताकर` 27 लाख रूपए हड़प लेने का मामला सामने आ रहा है।यह मामला भाजपा के स्थानीय नेता से जुड़ा हुआ बताया गया है।

**सूचना है कि भाजपा नेता आशीष गुलाटी ने पुलिस महकमें में नौकरी लगवाने का झांसा देकर करीब 27 लाख रुपए हड़प लिए हैं ।**

जानकारी यह भी मिली है कि इसमें आरोपी आशीष गुलाटी का भांजा लक्ष्य दत्ता भी उनके साथ ही था। दोनों ने मिलकर ही वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने` इस मामले को लेकर अंबाला भाजपा मंडल का उपप्रधान आशीष गुलाटी व उसके भांजे लक्ष्य दत्ता के खिलाफ



धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आशीष गुलाटी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसका भांजा लक्ष्य दत्ता अभी फरार है। आशीष को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

इस मामले में कुरुक्षेत्र के पिहोवा अनाज मंडी निवासी मनीष गर्ग ने बताया कि आरोपी आशीष गुलाटी के भांजे ने बताया कि उसकी 11 मार्च को लक्ष्य दत्ता से फूड कोर्ट अंबाला कैंट में मुलाकात हुई थी। यहां लक्ष्य दत्ता ने अपने मामा आशीष गुलाटी को गृह मंत्री अनिल विज का ओ. एस. डी. कहकर मिलवाया था। उनका कहना है कि आशीष गुलाटी ने उसके सामने स्पीकर ऑन करके कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भरिया को उसके एक पैसों के लेन-देन के केस के बारे में बात की। इसके बाद आशीष गुलाटी ने उसके 1,31,63,409 रुपए निकलवाने का आश्वासन दिया। इसी बीच आशीष ने कहा था कि लक्ष्य दत्ता आपसे बात करता रहेगा। इस बीच आरोपी ने 2 लाख रुपए लिए। आरोपी लक्ष्य दत्ता ने एक हफ्ते बाद उसे ब्याज समेत पैसे दिलाने का आश्वासान दिया और कहा कि मुझे 1 करोड़ 87 लाख मिल जाएंगे और यह समझौता उप पुलिस गोरखपाल राणा ने कराया है। फिर लक्ष्य दत्ता ने उसे सब इंस्पेक्टर की भर्ती करने के लिए कहा। इस मामले में उप पुलिस अधीक्षक से भी पूछताछ की संभावना है।

# गन्नौर में ब्याही करनाल जिले की सोनिया ने ससुराल में जहर निगल बच्चों सहित समाप्त की जीवन लीला

महेश शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

करनाल, सितम्बरः करनाल जिले की सोनीपत में लगभग 15 साल पहले विवाह सूत्र में बंधी एक महिला ने अपने बेटे और बेटी के साथ इकट्ठे जहर निगल कर अपनी जीवन लीला को ही समाप्त कर लिया है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह महिला शादी के बाद से` सोनीपत के गन्नौर थाना क्षेत्र के गांव अटैल में अपने ससुराल में थी। सोनिया ने अपने एक बेटे व बेटी के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। माँ और बच्चों की बिगडती तबीयत का जब ससुराल पक्ष में लोगों को पता चला तो उन्हें किसी गलत काम कर लेने की भनक लगी। ऐसा संदेह होते ही ससुराल वाले उन्हें ने पानीपत के एक निजी अस्पताल में ले गए,जहाँ तत्काल तीनों को भर्ती कराया गया था । अस्पताल में भर्ती पर डाक्टरों व स्टॉफ के द्वारा उनके विभिन्न टैस्ट लिए गए। तीनों की टैस्ट रिपोर्ट्स में एक जैसे लक्षण पाकर उपचार शुरू होने से पहले ही वो बेसुध हो चुके थे। कोशिश के बावजूद डाक्टर सफल नहीं हो पाए। इसी बीच तीनों की उपचार के दौरान ही मौत की पुष्टि हो गयी ।

अस्पताल से पुलिस में भेजे गए संदेश के आधार पर महिला के ससुराल वालों से कड़ाई से पूछताछ करते हुए महिला के मायके में सूचना भेजकर गन्नौर थाना क्षेत्र में बुलाया। मायके की ओर से मिली शिकायत के आधार पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिसमामले की जांच में लगी है। वर्ष 2008 में सोनिया की शादी हुई थी। सोनिया देवी करनाल जिले के गांव मानपुर की बेटी बताई गई है।

परिवार के सब जनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही सोनिया का पति सीटू बेटी को किसी न किसी बात पर तंग करता रहता था । बच्चों ने कई बार माँ- बाप और आन्य बड़ों के साथ हो रहे झगड़े की बात का वर्णन भी किया पर सोनिया ने ससुराल को ही अपना असल घर मानते हुए शिकायत नहीं की।

# पाकिस्तान के डोगराई शहर विजय की 58 वीं वर्षगाँठ अवसर पर आयोजित हुआ जबरदस्त समारोह

**विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितंबर : पाकिस्तान युद्ध में डोगराई शहर विजय की 58 वीं वर्षगांठ मेरठ के संस्कृति रिजार्ट में देश के कोने-कोने से पहुंचे 3 जाट बटालियन के बुजुर्ग पूर्व सैनिकों ने जोश और उल्लास के साथ मनाई गई। यह जानकारी 3 जाट बटालियन के एक प्रवक्ता द्वारा भेजी गई है ।उन्होंने बताया कि अपने-अपने इलाके के सुन्दर परिधानों में पहुंचे ये वेटरन्स एक दूसरे के साथ गले मिलकर भावुक होकर अपनी भावनाओं को प्रकट कर रहे थे ।इन सब के चेहरों पर खुशी ,जोश और आंखों में प्यार झलक रहा था ।ये सब उस ऐतिहासिक विजय को याद कर रहे थे जिसके लिए इन्होंने अपनी जान की बाजी लगा दी थी।

### 3 जाट बटालियन इतिहास

01सितंबर 1823 ई में गठित 3 जाट बटालियन ने अपने 200 वर्षों के लंबे सैनिक इतिहास में अनेकों युद्ध में जीत हासिल कर खूब नाम कमाया है । 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय लेफ्टिनेंट कर्नल डी ई हेड के नेतृत्व में बटालियन के 550 शूरवीरों ने अदम्य साहस और वीरता दिखाते हुए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पाकिस्तान के डोगराई शहर की रक्षा में लगी उसकी 3 बलोच, 8 पंजाब ,8 बलोच और 16 पंजाब बटालियन को बुरी तरीके से हरा कर ,दुश्मन के 509 सैनिकों को यमलोक भेजा तथा उनकी 16 पंजाब के कमान अधिकारी कर्नल गोलवाला सहित 108 सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया। इस गुत्थमगुत्था की भयंकर लड़ाई में अल्फा कंपनी कमांडर मेजर आशाराम त्यागी, डेल्टा कंपनी कमांडर मेजर कपिल सिंह थापा सहित 05 ऑफिसर 01 जेसीओ और 76 जवान देश की आन बान और शान के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे कर अमर हो गए। इस लड़ाई में 3 जाट बटालियन के 182 वीर सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए थे।

युद्ध उपरांत बटालियन के बहादुर सैनिकों को 03 महावीर चक्र , 04 वीर चक्र , 07 सेना मेडल , 12 मेनशन इन डिस्पैच तथा 11 आर्मी चीफ के प्रशंसा पत्रों से नवाजा गया ।वहीं बटालियन को डोगराई के युद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया था। इस ऐतिहासिक विजय को चिरस्थाई बनाने के लिए बटालियन के सेवारत और सेवानिवृत्ति सैनिक हर वर्ष 23 सितंबर को अपने अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर जोश और उमंग के साथ डोगराई विजय दिवस मानते हैं और अपने पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हैं ।



इस अवसर पर समारोह में पधारे सैनिकों को संबोधित करते हुए पूर्व में बटालियन के कमान अधिकारी रहे मेजर जनरल एस एस अहलावत ने उस महान घटना को याद करते हुए कहा कि हमें अपने शूरवीरों को जिन्होंने देश की आन बान शान के लिए प्राण न्योछावर किए, उन्हें कभी नहीं भूलना चाहिए । इस महान दिवस पर मैं अपने बलिदानी वीर सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं जिन्होंने देश की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। एक सैनिक का प्रथम कर्तव्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखना होता है और इसके लिए हम सैनिक अपनी जान की बाजी तक लगा देते हैं।

# हाई पावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक

## प्रदेश के 5 जिलों में 6 परियोजनाओं के लिए ई-भूमि पोर्टल द्वारा 14 एकड़ भूमि खरीद को मंजूरी

**विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई हाई पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी) की बैठक में पाँच जिलों चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा में 6 परियोजनाओं हेतु भू-मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से 148 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 96 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिला उपायुक्तों के साथ एचपीएलपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि एक माह में इन जमीनों की रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित की जाए और भूमि खरीदने के बाद प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इसके अलावा, संबंधित जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने पर सहमति जताने वाले भू-मालिकों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

**जींद व रानियां में बनेंगे वॉटर वर्क्स**

बैठक में जींद में बरोदी, झांजकलां में नहर आधारित जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु 5.39 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई। इस वॉटर वर्क्स की क्षमता 6 एलएलडी होगी।

इसके अलावा, सिरसा जिले के रानियां गांव में भी वॉटर वर्क्स हेतु लगभग 35 एकड़ भूमि की खरीद को स्वीकृति दी गई। हिसार जिला में ओपी जिंदल नलवा डिस्ट्रीब्यूटरी के विस्तार हेतु 4 एकड़ भूमि की खरीद को भी मंजूरी दी गई।

बैठक में चरखी दादरी में जिला जेल के निमार्ण हेतु गांव भैरवी में लगभग 98 एकड़ जमीन की खरीद को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, फरीदाबाद में दिल्ली झ मथुरा रोड़ से मुजेसर तक रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर आरयूबी के निर्माण हेतु लगभग 1 एकड़ भूमि, हिसार जिला में बास टाउन में बने वॉटर वर्क्स को अपग्रेड करने हेतु एसटीपी बनाने के लिए 5.12 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

**किसानों व भू-मालिकों ने की मुख्यमंत्री की सराहना**

बैठक में जुड़े भू-मालिकों ने पारदर्शी तरीके से सरकारी परियोजनाओं के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद हेतु शुरू की गई इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों व गरीब का भला सोचती है।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि भूमि अधिग्रहण एक लंबी प्रक्रिया थी, जिसके कारण विभिन्न विकास परियोजनाओं में अनावश्यक देरी होती थी, इसलिए हमारी सरकार ने एक प्रणाली विकसित की, जिसके तहत ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से किसानों और भू-मालिकों से बातचीत कर उनकी सहमति से भूमि खरीदी जा रही है।

# हरियाणा के सभी जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य देखभाल के लिए सरकारी कर्मचारियों को 4 कैशलेस सेवाएं शुरू करने के सरकार ने जारी किए निर्देश

**विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 23 सितम्बरः हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए` प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में कैशलेस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है, जो पहले से ही सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पहल के माध्यम से राज्य भर में प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं में सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस और कैथ लैब सुविधाएं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सभी सिविल सर्जनों और प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित सेवा प्रदाता राज्य भर में कैशलेस तरीके से राज्य सरकार के कर्मचारियों को इन महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करें। उन्होंने बताया कि सरकार का यह निर्णय राज्य के सरकारी कर्मचारियों को पर्याप्त लाभ प्रदान करेगा । इन चिकित्सा प्रक्रियाओं से जुड़े वित्तीय बोझ को समाप्त करेगा और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच को बढ़ावा देगा। इन सेवाओं को कैशलेस बनाकर हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता दी है और राज्य भर में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और पहुंच में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कलायत में 689 लाख रुपये की 3 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**विनोद कश्यप प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 23 सितम्बरः हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

श्रीमती कमलेश ढांडा ने आज कलायत में 689 लाख रुपये की तीन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपनी निगरानी में इन विकास परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करवाएं, ताकि आमजन को जल्द से जल्द इसका लाभ दिलाया जा सके।

राज्य मंत्री ने गांव मटौर में 287 लाख रुपये की राशि से मटौर से शिमला तक 5 किलोमीटर सडक के विस्तारीकरण, 267 लाख रुपये की लागत से लघु सचिवालय कलायत से नेशनल हाइवे तक वाया कैंची चौक 2.5 किलोमीटर सड़क मार्ग तथा 135 लाख रुपये की लागत से कपिलमुनि ड्रैन को कैंची चैक से सात एकड़ तक पक्का करते हुए कवर करने की परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इस दौरान मौजूद नागरिकों को विकास परियोजनाओं के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि लघु सचिवालय कलायत से कैंची चौक होते हुए नेशनल हाइवे तक 2650 मीटर का सड़क शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है`। जनवरी 2024 तक इस मार्ग के पुनर्निमाण होने से हजारों वाहन चालकों को फायदा होगा। इसी प्रकार, मटौर से शिमला तक मार्केटिंग बोर्ड की सड़क को 12 फुट से 18 फुट बनाया जाएगा। फरवरी तक पूरी होने वाली इस सड़क से दोनों गांवों के लोगों को बहुत फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि कैंची चैक के पास कपिल मुनि ड्रेन को पक्का करते हुए कवर करने की मांग आसपास के दुकानदारों व मकान मालिकों द्वारा की जा रही थी। उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। अब 7 एकड़ के करीब कपिलमुनि ड्रेन के इस खण्ड का अगले छह महीने में निर्माण करवाया जाएगा, जिससे आमजन को बडी राहत मिलेगी।

श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि कलायत में ही एसटीपी के संशोधित पानी को अमीन ड्रेन में डालने की परियोजना का काम शुरू हो चुका है। इससे कलायत शहर में गंदे पानी को लेकर होने वाली परेशानी का निदान होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में बिना भेदभाव के विकास परियोजनाओं को सिरे चढ़ाया जा रहा है, ताकि आमजन को इनका सीधा लाभ दिलाया जा सके।

# पानीपत में हुई हत्या, गैंगरेप, डकैती की वारदात कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति का नतीजा- हुड्डा

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बर ' बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार ने हरियाणा को अपराधियों की शरणस्थली बना दिया है। यहाँ की कानून व्यवस्था इस कद्र चौपट हो चुकी है कि हत्या, लूट, डकैती और महिलाओं के साथ बलात्कार रूटीन की घटनाएँ हो गई हैं।

पानीपत में महिलाओं के साथ गैंगरेप और हत्या का मामला प्रदेश में कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति का नतीजा है। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पानीपत की जघन्य वारदात ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। लेकिन बीजेपी-जेजेपी सरकार अब भी कुंभकर्णी नींद सो रही है। हर साल जारी होने वाले एनसीआरबी के सरकारी आंकड़े बार-बार गठबंधन को आईना दिखाते हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट और केंद्र सरकार द्वारा जारी सामाजिक प्रगति सूचकांक (एसपीआई) बताता है कि हरियाणा देश का आज सबसे असुरक्षित राज्य है। यह हालात इसलिए हैं क्योंकि सरकार खुद कहती है कि वह नागरिकों को सुरक्षा नहीं दे सकती।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा जींद के आज खटकड़ टोल पर आर्य समाज द्वारा आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंति पर करवाए गए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने महर्षि दयानंद जी को नमन किया और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि जिस दौर में हमारा समाज जातपात, ऊँच-नीच, आडंबर और अशिक्षा की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, उस वक्त स्वामी जी ने सामजिक जागरण की शुरूआत की। आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों के जरिए आजादी के आंदोलन की नींव रखी। आर्य समाज ने जातिगत भेदभाव, छुआछूत को समाज से खत्म करने, महिलाओं को शिक्षा और पुनर्विवाह का अधिकार देने जैसी लड़ाईयाँ लड़ीं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने जो मार्ग दिखाया, वह आज भी देश व समाज को प्रगति के ओर ले जा रहा है। हुड्डा ने बताया कि यह मेरा तब अहोभाग्य था कि मैंने पहली बार स्वामी दयानंद जी के जन्मदिन पर ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। आर्य समाज की मांग के मुताबिक भविष्य में कांग्रेस सरकार बनने पर स्वामी दयानंद जी के जन्मदिन पर छुट्टी का ऐलान किया जाएगा।

## पत्रकार वार्ता

इसके बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें प्रदेश की कानून व्यवस्था और किसानों की स्थिति पर उन्होंने टिप्पणी की। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों पर जितने अत्याचार बीजेपी-जेजेपी सरकार के दौरान हुए हैं, वह इतिहास में कभी नहीं हुए। हांसी के खरड़ गांव में कर्जा ना चुका पाने की स्थिति में किसानों की गिरफ्तारी का आदेश होने पर निंदनीय कदम के साथ- साथ हुड्डा ज्यादती कहा जाता है। किसानों की गिरफ्तारी या उसकी जमीन को कुर्क करने पर प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान रोक लगाई गई थी। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आने के बाद फिर से किसानों के विरुद्ध इस तरह की निर्दयता वाली कार्रवाई को शुरू कर दिया। हुड्डा ने कहा कि जो सरकार बड़े-बड़े उद्योगपतियों का हजारों करोड़ कर्ज माफ कर देती है, वह किसानों को चंद हजार रुपये के लिए जेल में डाल रही है। कांग्रेस इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एक बार फिर धान की खरीद जल्दी शुरू करने की माँग उठाई। उन्होंने कहा कि धान की आवक जोरों पर है, मंडियॉं फसल से अटी पड़ी हैं। बारिश का दौर फिर चल पड़ा है। किसानों का धान कहो या धन बर्बाद होने से पहले सरकारी खरीद शुरू करना जरूरी है। पर सरकार की ओर से अब तक समुचित प्रबंध नहीं होने के चलते किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी कम दरों पर फसल बेचनी पड़ रही है। सरकार में बैठे लोगों द्वारा खरीद 25 तारीख से शुरू करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वो कहीं भी नहीं होता दिखाई देता है। सरकार को जागरूक होने की जरूरत है।

कर्ज के बोझ में पिस रहे किसानों की गिरफ्तारी के आदेश देना ज्यादती- हुड्डा

धान की खरीद शुरू नहीं होने से किसानों को उठाना पड़ रहा है घाटा- हुड्डा

कांग्रेस सरकार बनने पर महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंति पर रहेगा सरकारी अवकाश- हुड्डा

महर्षि दयानंद जी की जयंति पर हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

# प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल की बहनों का दिया उदाहरण

## देश के भाग्य को बदलने का काम करेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**समाज जागरण**

बुढार।बीते दिनों नई दिल्ली में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने के बाद देश केप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर शहडोल की आदिवासी बहनों का उदाहरण दिया। बीते शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में गया था तो एक आदिवासी गांव में गया। वहां सभी आदिवासी बहनों को बुलाया था. लेकिन कि कार्यक्रम में विशेष तौर पर 100 से अधिक लखपति दीदियां आई थी, जहां पर मैंने आदिवासी बेटियां और लखपति दीदी से मैंने चर्चा किया एक बहन ने बताया कि वूमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप के द्वारा काम करके काफी पैसा अर्जित करती हूं। तो मैंने पूछा कि पैसा कमाने के बाद करती क्या हो? मेरे पूछने के बाद आदिवासी बहन ने जो बात कही वह आश्चर्य की बात है और दिल्ली की महिलाओं के लिए भी आश्चर्य की बात होगी। बहन का कहना था कि पति काम जाते हैं रोजगार ढूंढ़ने के लिए साइकिल पर जाते थे तो पति के लिए स्कूटी ले आई। ऐसे आत्मविश्वास से बहन ने जवाब दिया। आदिवासी बाहुल्य ग्राम की एक बहन ने कहा कि बैंक से लोन मिलने का पता चला तो ट्रैक्टर ले लिया और पति को प्रदान किया



जिससे वे अब अगल-बगल के गांव में खेती के साथ ही लोगों की सेवा के लिए जाते हैं। और होने वाली कमाई से कुछ ही महीनों में ट्रेक्टर का लोन भी वापस कर पीएम ने कार्यकताओं से कर दूंगी। शहडोल की बहनों का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आदिवासी बहनें, लखपति बहनों का क्या विजन होता है। मुझे यही कहना है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के भाग्य को परिवर्तित करने का काम करेगा। गौरतलब होना कि बीते 1 जुलाई 2023 को शहडोल आदिवासी बाहुल्य ग्राम पकरिया में स्व सहायता समूह एवं लखपति बहनों से देश के प्रधानमंत्री ने संवाद किया था जिसमें स्व सहायता समूह की बहन ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रधानमंत्री जी से संवाद किया था।

# अर्जुन के तरकश पर भरोसा जता सकती हैं भाजपा नये चेहरों को उतार कर गढ़ बचाने की कवायद

बिरसिंहपुर पाली-----भारतीय जनता पार्टी का गढ़ मानी जाने वाले उमरिया जिले की मानपुर और बांधवगढ़ विधान सभा क्षेत्र में जनता अब पुराने चेहरों से उबी नजर आ रही है , तभी अब तक के चुनावी समीक्षा कारों ने इस क्षेत्र में भाजपा की हालत पतली बतलाते हैं , तभी तो भाजपा उच्च संगठन ने घिसे - पिटे चेहरों को बदलकर अपने गढ़ को बचाने के प्रयास में बतलाये जाते हैं ।

विदित होवे कि वर्तमान में मानपुर विधान सभा क्षेत्र से सुश्री मीना सिंह विधायक पद पर आसीन होते हुए राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री का दायित्व संभाल रही हैं । सुश्री मीना सिंह इस क्षेत्र से वर्ष 2008 से लगातार विधायक , मंत्री बनकर राज करती आ रही है । वहीं पर जिले के दुसरी विधानसभा बांधवगढ़ क्षेत्र से शिव नारायण सिंह दुसरी बार विधायक पद पर सुशोभित है , इसके पहले इस विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान विधायक शिव नारायण सिंह के पिता ज्ञान सिंह जी इस क्षेत्र का नेतृत्व करते आ रहे हैं । इस प्रकार देखा जाये तो उमरिया जिले में इक्कीसवीं सदी में इन्हीं दोनों नेताओं के पीछे राजनीति का पहिया घूमता रहा , कभी ज्ञान सिंह तो कभी सुश्री मीना सिंह । इस क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने में इस सदी में उमरिया जिले में एक भी भी ऐसे काम नहीं किये गये , जिससे युवाओं को रोजगार , और भूखे को रोटी नसीब हो सके । मुफ्त खोरी में अनाज बांटकर चाहे जो वाहवाही लूटते रहे , लेकिन एक भी ऐसी परियोजना नहीं बन सकी जिससे किसानों के खेत का पानी मिल सके । यही वजह है कि क्षेत्र की जनता इस बार बदलाव का राग अलाप रही है। जनता की नब्ज टटोलने में माहिर और कुशल भाजपा भी उमरिया जिले में विधानसभा चुनाव में नये चेहरों को उतार कर अपने गढ को बचाने में कामयाबी हासिल कर सकती हैं । ऐसा भी नहीं कि भाजपा में कुशल और योग्यवान कार्यकताओं का अकाल है । विदित होवे कि उमरिया जिले से विधान सभा चुनाव में उम्मी-दवारों का जो पैनल अलग अलग तरीके से उच्च संगठन को भेजा गया है उनमें भी क्षमता वान प्रत्याशी शामिल हैं ।

राजनैतिक समीक्षाकारो से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के पैनल में शामिल अर्जुन सिंह और सुश्री ज्ञानवती









सिंह को नये दावेदारों को विधानसभा क्षेत्र में इस बार मैदान में उतारा जा सकता है । बताया जाता है कि अर्जुन सिंह भाजपा के कर्मठ नेताओं में से है जो पिछले दो दशक से जनता के बीच में काम कर जो छबि बनायी है , वह काबिले तारीफ बतायी जा रही है । ग्राम पंचायत से राजनीति का ककहरा सीख जनपद पंचायत और जिला पंचायत में पिछले एक दशक से सदस्य के रूप में जनता की सेवा करते आ रहे हैं । अपने क्षेत्र में जन - जन तक पहुंच बना कर लोगों के दुःख दर्द में मरहम का काम करते देखे जा रहे हैं । अर्जुन सिंह को भाजपा संगठन में काम करने का बेहतर तजुर्बा है , संगठन में उन्होंने विभिन्न दायित्वो का निर्वहन करते हुए आज भाजपा में जिला महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं ।

### आदिवासी समाज में भी अर्जुन सिंह का नाम आदर के साथ लिया जाता है

विधानसभा चुनाव उमरिया जिले ज्ञानवती सिंह का नाम भी दावेदारों की सूची में बतलाया जाता है । जिले की राजनीति में पिछले ढाई दशक से जनपद , नगरपालिका और जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर शोभायमान बनी

### सुश्री ज्ञानवती सिंह जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई है

उन्हें भी भाजपा आलाकमान प्रत्याशी बनाकर एक अवसर दे सकता है । यद्यपि सुश्री ज्ञानवती सिंह पिछले चुनाव में कांग्रेस की ओर से मैदान में थी पर भाजपा लहर के सामने वे टिक नहीं पाई । ज्ञानवती सिंह के साथ दुर्भाग्य ही कहा जाये कि कांग्रेस मे रहकर भी इन्हें भाजपा और कांग्रेस दोनों से जुझना पड़ता रहा , यही वजह है कि विधानसभा की सीढ़ी चढ़ने का अवसर नहीं मिल सका । वर्ष 2013 के चुनाव में ज्ञानवती सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में देखी गयी थी ,तब इन्हें जनता का समर्थन मिला था। ज्ञानवती सिंह लगभग 26 हजार मत हासिल कर दुसरे स्थान पर रहे जबकि कांग्रेस राष्ट्रीय दल तीसरे स्थान पर रहा । इस तरह भाजपा संगठन उमरिया जिले मे अपने गढ़ को बचाने के लिए नये चेहरों पर भरोसा कर सकती है

राजनीति के तजुर्बेकारो का मानना है कि इस चुनाव में भाजपा अर्जुन के तरकश पर भरोसा कर अपना उम्मीदवार घोषित कर सकता है ।

# खुद की जमीन पर मकान बनाने से रोक रहा पड़ोसी मुख्यमंत्री से शिकायत कर मदद की गुहार

**समाज जागरण**

कोतमा। पुराना स्टेट बैंक रोड वार्ड 6 कोतमा निवासी ममता गुप्ता पति रामप्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मो. युसूफ तथा उनके पुत्रों द्वारा मकान बनाने से मना करते हुए गालियाँ देते हुऐ जान से मारने की धमकी देने व लड़ाई झगड़ा में आमादा होने की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र मे लेख किया गया कि प्रार्थिया की पुस्तैनी जमीन मे प्रार्थिया का पूरा परिवार कई वर्षों से जीवन यापन करते चला आ रहा है। प्रार्थिया के मकान के पीछे का हिस्सा बरसात के कारण पूर्णतः गिर गया है जिसे बनवाने के लिए प्रार्थी के द्वारा मलबा सफाई व पिलर के लिए गड्ढा खुदाई का काम करवा रहा था। 03.08.2023 को सुबह 11 बजे मो. युसूफ व उसके पुत्र आमीन और दो लड़के और नाती पोते प्रार्थी के घर में आकर गालियां देने लगे व काम बंद करवाने लगे व लाठी डंडा रखकर उसके परिवार को जाने से मारने की धमकी देने लगे। इतने में प्रार्थी की पत्नी व पुत्री व पुत्र ने



आकर बीच बचाव क्रिया, यदि यह लोग बीच बचाव न करते तो प्रार्थी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। प्रार्थिया द्वारा कार्य करवाने पर मो० युसूफ द्वारा अपनी निजी समान हटवाने का विरोध कर रहा है प्रार्थी द्वारा उनके निजी सामान को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया जा रहा है फिर भी मो. युसूफ एवं उनके पुत्रों व नातियों द्वारा हमें नुकसान व लडाई झगड़ा में आमादा होना गालियां देना, आए दिन का नाटक बनाए रखे हुए है। मो० युसूफ द्वारा जमीन को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर खरीदे हुए हैं वे जबरन प्रार्थी के हिस्से के दिवाल को कब्जा कर हथियाना चाहते हैं और हम लोगों को बिना मतलब परेशान कर रखे हुऐ है। मेरे व मेरे परिवार को आए दिन का जीना हराम कर रखे है। प्रार्थिया इनके कृत्य से अत्यधिक परेशान व प्रताड़ित हो चुकी है। कोतमा तहसीलदार द्वारा बिना किसी जाँच के स्टे जारी कर दिया गया है जिससे युसूफ की दबंगई और बढ़ती चली जा रही है एवं कहता है कि मैं एक उद्योगपति हूँ। मेरे पास बहुत पैसा है, पैसा फेंकता हूँ, तमाशा देखता हूँ सब को खरीद लेता हूँ एवं अच्छे से अच्छे बड़े अधिकारियों को खरीदने की हिम्मत रखता हूँ कोई कानून न कोई अधिकारी मेरा कोई कुछ नहीं कर सकेगा। जाओं जहाँ चले जाओगे, कोई मेरा कुछ नही कर पाएगा और ऊपर से धमकी देता है कि ज्यादा हो तो तुम भी अपना मकान बेच दो हम तुरंत खरीद लेगें। इस तरह का कृत्य कर हमें अत्यधिक परेशान व प्रताड़ित किया हुआ है। ममता गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मो. युसूफ व उसके तीन पुत्रों व नातियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही किए जाने तथा फर्जी व कूटरचित दस्तावेज को तैयार कराए जाने के संबंध में कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# पूर्व सीएम कमलनाथ के 11 वचन लोगों को बता रहे कुशराम

शहडोल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा प्रदेश के लोगों के साथ किए गए 11 वचन को लेकर ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता दशरथ सिंह कुशराम क्षेत्र के लोगों के बीच जा रहे हैं और उन्हें 11 वचन से अवगत करा रहे हैं। ब्यौहारी क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता श्री कुशराम लोगों को बता रहे हैं, कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लोगों को वचन दिया है, की मध्य प्रदेश में कांग्रेस की स-रकार बनने पर महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए मिलेंगे, गैस सिलेंडर 5 सौ रुपए में उपलब्ध



कराया जाएगा और 100 यूनिट बिजली पूरी व 200 यूनिट बिजली का रेट हाफ रहेगा।

कांग्रेस नेता ग्रामीणों को यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस सरकार आने पर किसानों का कर्ज माफ होगा, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना लागू होगी, 5 हॉर्स पावर सिंचाई की बिजली फरी रहेगी और किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएंगे।

कांग्रेस नेता यह भी बता रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने वचन दिया है कि सरकार बनने पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, 12 घंटे सिंचाई के लिये बिजली मिलेगी, जातिगत जनगणना कराई जाएगी और किसानों के मुकदमे वापस होंगे।

# कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा का स्वागत कर ठाकुर बाबा धाम के बगल में आयोजित होगी विशाल जन आक्रोश सभा - गुड्डू चौहान

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिनांक 19 सितंबर 2023 को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा प्रारम्भ की गई आक्रोश यात्रा का आगमन दिनांक 24 सितंबर 2023 को कोतमा विधानसभा क्षेत्र में प्र-वेश कर रही है, जहां युवा कांग्रेस द्वारा जन आक्रोश यात्रा का भव्य स्वागत किया



जाएगा और ठाकुर बाबा धाम के पास विशाल जन आक्रोश सभा आयोजित की जायेगी। जिसमें सभा को पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में एवम् सह प्रभारी पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम, सह प्रभारी विधायक पुष्पराजगढ़ श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सह प्रभारी रविंद्र तिवारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, जिला संगठन मंत्री मनोज मिश्रा के अतिरिक्त कोतमा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार शुक्ला, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष बिजुरी अनुरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक त्रिपाठी, जेपी श्रीवास्तव, राकेश शुक्ला गरगू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंगलदिन साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमदत्त केवट, वरिष्ठ नेता संतोष मिश्रा, रमेश पांडेय, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मुशर्रफ अली, ठाकुर अमरेंद्र प्रताप सिंह परिहार, बी के बंसल, सिरमन लाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास सिंह यादव के साथ साथ क्षेत्र के वरिष्ठ, महिला, युवा, छात्र एवं कई क्षेत्र नेताओं द्वारा सभा को संबोधित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष गुडडू चौहान ने अपील की है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जन तथा आमजन भी सभा स्थल एल आई सी के बगल व ठाकुर बाबा धाम के पास पहुंचकर युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित जन आक्रोश सभा को सफल बनावे।

# *कार्यकर्ता महाकुंभ भोपाल हेतु कल उमरिया से स्पेशल ट्रेन होगी रवाना-- दीपक

भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल जी की जयंती के परम पवित्र शुभ अवसर पर भोपाल में कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। इस शुभ अवसर पर वैश्विक नेता भारत के लाडले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्गदर्शन हम सभी को प्राप्त होगा। इस ओजस्वी पल के साक्षी हम सभी उमरिया जिले के कार्यकर्ता बनेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे एवं जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने बताया कि कल 24 सितंबर की शाम 5 बजे उमरिया जिले से भोपाल हेतु विशेष ट्रैन की ब्यवस्था है इसी ट्रेन से हम सभी कार्यकर्ता भोपाल हेतु रवाना होंगे।भाजपा मध्यप्रदेश के द्वारा 24 बोगी की एक विशेष ट्रेन की भाजपा जिला उमरिया के कार्यकताओं के लिए ब्यवस्था की गई है। यह ट्रेन आरक्षित श्रेणी की ब्यवस्था से युक्त होगी। जो उमरिया स्टेशन से शाम 5 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी वा 25 की सुबह भोपाल पहुचेंगी। उमरिया जिले के 585 मतदान केंद्रों के कार्यकर्ता/पदाधिकारी इस सर्व सुविधा युक्त ट्रेन से भोपाल जाएंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप पांडे एवं महामंत्री दीपक खटवानी ने कार्यकर्ता महाकुंभ भोपाल जाने वाले भाजपा जिला,मंडल ,प्रकोष्ठ मोर्चा,बूथ पदाधिकारियो, जिला ,मंडल,मोर्चा,प्रकोष्ठ एवं बूथों के पूर्व पदाधिकारियो सहित जिले के सभी 585 बूथों से चलने वाले कार्यकताओं से आग्रह किया है कि ट्रेन के निर्धारित समय से 1 घंटा पूर्व उमरिया पहुचे और अपनी सीट सुनिश्चित करें। जिस आशय का चिंतन महाकुंभ हेतु नियुक्त मंडल प्रभारी/सह प्रभारी करेंगे।

इस महाकुंभ में पूरे प्रदेश से, भाजपा के 10 लाख कार्यकताओं के पहुचने का अनुमान है।कार्यकर्ता महाकुंभ में मध्यप्रदेश के प्रत्येक



जिले के हर एक मंडल से भाजपा कार्यकर्ता आएंगे,कार्यकर्ता महाकुंभ हेतु उमरिया जिले में कार्यक्रम के प्रभारी सह प्रभारी घोषित कर दिए गए थे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दिलीप पाण्डेय जी ने बताया कि इनके अलावा अन्य दाइत्ववान कार्यकताओं को भी इस पुनीत कार्य का भार सौंपा गया है। हलाकि जिला अध्यक्ष जी भी जिले के सभी मंडलों में इस हेतु प्रवास कर भोपाल चलने हेतु कार्यकर्ताओ को चिन्हित कर रहे है।भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परि-वार, की पार्टी नहीं है। भाजपा समाज को जोड़ने वाला सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे।आज भाजपा विशाल बट वृक्ष का रूप ले चुकी है जिसके पीछे हमारे पितृ कार्यकर्ताओ की कठिन साधना निहित है हर परिस्थितियों से जूझते हुए राष्ट्र हितार्थ मनोभाव से युक्त राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए जन संघ से भाजपा तक के सफर में कार्यकताओं ने बलिदान दिया जिसके जीवांत प्रमाण विद्यमान है 3 लोगो से शुरू होकर विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक एवं सिद्धांतवादी पार्टी बनने का गौरव हमे प्राप्त है।भाजपा कार्यकर्ता आधारित वैचारिक दल है। कार्यकर्ताओ की कठिन साधना तप मेहनत समर्पण कर्तब्यपरायणता के बल पर आज हम विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का हिस्सा है। जो हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व का विषय है।2014 में भारत के आदरणीय जन मानस ने भारत के पुनर्जागरण की नई यात्रा का शंखनाद कर दिया है। 800 साल से ज्यादा की गुलामी से बाहर निकल कर एक राष्ट्र अपना खोया हुआ गौरव पाने के लिए फिर से उठ खड़ा हुआ है । माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र गौरव के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है हम लगातार उन्नति पथ पर सफलता प्राप्त कर रहे है' राष्ट्र भाजपा का राम है और भाजपा रामजी की हनुमान। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है राष्ट्र में ब्याप्त भ्रस्टाचार और भ्रस्टाचारियो को भाजपा चुन चुन कर खत्म कर रही है'जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे जितने में राक्षशो का विनाश किया जा सके। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार, परिवारवाद और कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है।लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात कर मोदी सरकार कर रही है जन-जन का कल्याण। जन कल्याण राष्ट्रवाद राष्ट्रहित भाजपा की प्रमुखताओ में प्रथम था है और सदैव रहेगा'

इसी क्रम में भाजपा का कार्यकर्ता महाकुंभ भोपाल में आयोजित है जिसमे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का मार्गदर्शन हमे प्राप्त होगा। इस ओजस्वी अविस्मरणीय पल के साक्षी उमरिया जिले के प्रत्येक बूथों से भोपाल पहुच रहे कार्यकर्ता बनेगे।

# पथ विक्रेता महासम्मेलन मे नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि खाली रही कुर्शियाँ

**समाज जागरण**

उमरिया/ खबर मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के पाली से है जहां आज भोपाल मे आयोजित पथ विक्रेता महासम्मेलन मे उपस्थित प्रदेश के मुखिया मुख्यमत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूरे प्रदेश मे 60 हजार हितग्राहियो को 98 करोड़ का ऋण वितरित किया गया व प्रदेश भर मे हर जगह छएऊ के माध्यम से इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को प्रकाशित किया गया ठीक यही कार्यक्रम उमरिया जिले के पाली नगर पालिका परिषद मे भी आयोजित गिया गया लेकिन इस सम्पूर्ण कार्यक्रम मे अधिकतम कुर्शिया खाली मिली व उन कुर्शियों



की सोभा वहा के अधिकारी कर्मचारियों ने बढ़ाई सोचने वाली बात तो यह है की प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम मे परिषद के कई जनप्रतिनिधि भी नदारत नजर आये, अमूमन पूर्व मे भी देखा गया है की इस तरह के कार्यक्रम मे सिर्फ सरकार का पैसा ही लगता रहता है लेकिन ऐसे कार्यक्रमों मे पाली नगर पालिका परिषद शासन की योजनाएं जिन जरूरत मंदो को मिलनी चाहिए व समझना चाहिए ऐसे हितग्राहियो को कार्यक्रम मे उपस्थित करवाने मे हमेशा से असफल नजर आती है,इस सम्बन्ध मे जब पाली नगर पालिका के उपाध्यक्ष राजेश पटेल से बात की गई तो उन्होंने गोल मोल जवाब देते हुए अपनी बात को ही समाप्त करते हुए नजर आये ।

# उमरिया में सट्टे का धंधा जोरों पर

उमरिया। उमरिया जिला मुख्यालय में सट्टे का धंधा जोरों पर है। सट्टे की इस अवैध कारोबार के कारण बच्चे युवा सहित बूढ़े एवं महिलाएं भी इस धंधे में फसती जा रही हैं और अपनी कमाई का हिस्सा सट्टा खेलने पर लगा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि नगर मुख्यालय में सट्टे के अवैध कारोबार का संचालन वार्ड क्रमांक 14 निवासी एक गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। सट्टे के कारोबार को भले ही सामाजिक बुराई माना जाता है लेकिन इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए जिला मुख्यालय के कोई भी राजनीतिक दल के पदाधिकारी आगे नहीं आ रहे हैं जिसके कारण यह कारोबार अब गांव-गांव तक फैलता जा रहा है। कोतवाली में अब नए थाना प्रभारी के रूप में राजेश चंद्र मिश्रा की तैनाती हो चुकी है अब देखना यह है कि नगर मुख्यालय में सट्टे के अवैध कारोबार पर कब तक विराम लगा पता है।

# जन आक्रोश यात्रा को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की

**समाज जागरण**

अनूपपुर / कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा 24 सितंबर को अनूपपुर जिले आ रही है, यात्रा को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने अपनी पूरी तैयारी कर रखी है, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने यात्रा को लेकर कांग्रेस के कार्यकताओं से यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई है यह यात्रा कोतमा विधानसभा से 24 दिसंबर को प्रातः 10 बजे सिमरिया चौक से प्रारंभ होगी, 11:00 बजे देवगांव पहुंचेगी जहां नुक्कड़ नाटक के बाद 12:00 कोतमा पहुंचेगी, दोपहर 1:50 में एल आई सी ऑफिस कोतमा में युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित आमसभा मे सम्मिलित होगी जिसके बाद दोपहर 2:00 बजे के लगभग यात्रा अनूपपुर विधानसभा के बदरा में प्र-वेश करेगी, 3:00 बजे फुनगा मे रात्रि विश्राम अनूपपुर करने के बाद, यात्रा 25 सितंबर को पुष्पराजगढ़ के लिए रवाना होगी, जन आक्रोश यात्रा



को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि समूचे मध्यप्रदेश में चारो ओर भयंकर अराजकता, अपराध, भय, भ्रष्टाचार और लूट की खुली छूट चली है। आदिवासी, किसान, दलित, बेटियां, बच्चे, पिछड़े, नौजवान सबकी जबान पर बस एक ही बात है, शिवराज हटाओ प्रदेश बचाओ। आज मध्यप्रदेश के कोने-कोने से कानों में जन आक्रोश का स्वर सुनाई दे रहा है। प्रदेश की जनता की इसी आवाज को सुनकर कांग्रेस पार्टी जन आक्रोश यात्रा का आगाज कर रही है।

प्रदेश भर में जहां शिवराज राज के खिलाफ जनता में आक्रोश है तो दूसरी ओर कांग्रेस व कमलनाथ जी द्वारा 27 लाख किसानों का कर्ज माफ, 87 प्रतिशत लोगों का बिजली का बिल 100 रुपये से कम, माफियाओं पर वार, मिलावटखोरों पर प्रहार जैसे क्रांतिकारी निर्णय से आम जनता में जोश है। कांग्रेस व कमलनाथ जी द्वारा 500 रुपये में गैस का सिलेंडर, 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ, 200 यूनिट तक हाफ, महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह का इंसाफ, किसानों को 5 हॉर्स पॉवर तक मोटर की बिजली मुफ़्त, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का उपहार, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ, प्रदेश को जातिगत जनगणना का न्याय, किसानों का कर्ज माफ करने जैसे दिए गए वचनों पर आज प्रदेश की जनता में कांग्रेस व कमलनाथ जी के लिए जोश है।

# अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्र का जायजा लेने के बाद भी नही रूका अवैध वसूली का कारोबार

**वर्षो से चेक पोस्ट में तैनात निजी कर्मचारी कर रहे गुण्डागर्दी के साथ वसूली विधानसभा निर्वाचन के संवेदनशील जगहों में चुनौती दे सकता है जांच प्रणाली**

जितेंद्र शर्मा/ तीनो विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों तथा अंतर्राज्यीय सीमा के परिवहन चेकपोस्ट का कलेक्टर ने भ्रमण कर जायजा था। अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्र के भेडवाटोला एवं बगडुमरा क्षेत्र का मौका मुआयना करते हुए चेकपोस्ट के संबंध में निर्देश दिए थे। उन्होंने कानून व्यवस्था के संबंध में सर्व संबंधित अधिकारियों से जानकारी भी लिया था, लेकिन प-रवहन विभाग के चेक पोस्ट खूटाटोला में पदस्थ कर्मचारी और उनके सहयोगी के रूप में निजी कर्मचारी आज भी कानून का उल्लंघन कर बेखौफ अवैध वसूली कर रहे है। जैतहरी।आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने तीनो विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के उपरांत पुष्पराजगढ विधानसभा क्षेत्र के अमरकंटक से लगे छत्तीसगढ राज्य के सीमावर्ती परिवहन चेकपोस्ट कबीर चबूतरा, जालेश्वर धाम सहित बिजौरी, धरमपानी का अवलोकन कर निर्वाचन तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए सीमा क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी को निर्देशित किये थे। लेकिन सबसे ज्यादा संवेदनशील चेक पोस्ट के रूप जैतहरी स्थित एकीकृत सीमा जांच चौकी खूटाटोला में तैनात निजी कर्मचारी और परिवहन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी के कारण निवार्चन प्रक्रिया प्रभावित हो सकता है।

**बन चुका गुंडागर्दी की परम्परा**

मध्यप्रदेश की अंतिम सीमा व छत्तीसगढ प्रवेश करने से पहले बनी म.प्र. एकीकृत सीमा जांच चौकी खूटाटोला में लूट और गुंडागर्दी की परम्परा बन चुकी है

## अनाधिकृत व्यक्तियों पर लगे रोक

मध्यप्रदेश एकीकृत सीमा जांच चौकी खूटाटोला का संचालन सुरक्षा की दृष्णिकोण से किया गया था, तांकि अनाधिकृत रूप से वाहन, व्यक्तियों तथा अन्य गतिविधियों को रोक जा सके, लेकिन यहां से गुजरने वाली हर एक गाडियों का हिसाब ऑफ रिकार्ड डायरी में पदस्थ प्रभारी के गुर्गे एवं अनाधिकृत व्यक्ति लोकेन्द्र शर्मा और राजू राठौर संभाल रहे है, यही कारण है कि अगर वाहन मालिकों/चालको ने उनके डायरी में अपना नाम और नंबर दर्ज नही कराया है तो अनावश्यक रूप से चालान का सामना करना पडेगा, अगर आना-कानी की गई तो गाली-गलौच, मारपीट या फिर जैतहरी पुलिस की प्रताडना झेलना पडेगा। इन अनाधिकृत व्यक्तियों के तैनाती से यह अवैध कारोबार बेरोक-टोक आज भी जारी है।

बिना शुल्क के नही होती गाडिया पार

चेक पोस्ट खूटाटोला में पहुंचने वाले वाहनों को रोककर सबसे पहले चालकों को बुलाकर उनका दस्तावेज मांगा जाता है, तरह-तरह की कमिया बताकर उनको चालान की राशि जमा करने की बात कहते है,

# ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वय समिति की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित महुआ धाम के समीप एस आर बी होटल के सभागार में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा चिकित्सक समन्वय समिति का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राम अनुज कुमार एवं संचालन रामजी साव ने किया। वहीं मगध प्रमंडल के अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता डॉ कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिस तरह से आज हमलोग एकत्र होकर कार्य कर रहे हैं। ठीक उसी प्रकार आने वाले दिनों में इसी तरह संगठन को मजबूत बनाने के लिए आप लोगों को बराबर सहयोग करने की आवश्यकता है। बीना संगठन के कोई भी समाजिक कार्य नहीं होता है। वहीं डॉ शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि हम सभी ग्रामीण चिकित्सक 24 घंटे क्षेत्र में 80 प्रतिशत आवादी को सेवा प्रदान करते हैं। इस लिए राज्य सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में सभी चिकित्सकों को भागीदारी मिलनी चाहिए। क्योंकि दो साल पूर्व जिस समय बिहार के प्रत्येक जिला एवं कस्बों में कोरोना जैसी महामारी से लोग अस्त व्यस्त थे और उस समय बड़े बड़े चिकित्सक मरीज को देखना भी बंद



कर दिए थे। तो उस हालत में ग्रामीण चिकित्सक ही कोरोना जैसी बीमारी से लड़ते हुए लोगों को जान बचाने का कार्य किया है। साथ ही डॉ अभय कुमार चितरंजन ने कहा कि अगर ग्रामीण चिकित्सक एक सप्ताह तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देना बंद कर दें। तो पूरे जिला से लेकर प्रखंड तक के बड़े बड़े चिकित्सकों की हालत खराब हो जाएगी। और क्षेत्र में गरीब तबके के लोगों को मरने की संख्या भी बढ़ जाएगी। इस लिए हम सभी ग्रामीण चिकित्सकों को एकता बनाए रखने की जरूरत है।जिस तरह से बिहार सरकार ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण के साथ साथ मूल्य प्रमाण पत्र निर्गत किया है। ठीक उसी प्रकार हम सभी चिकित्सकों को स-रकारी स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य करने की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस मौके पर चिकित्सक सेवा समिति हसपुरा के प्रखंड अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार, डेण्टल चिकित्सक डॉ विजय कुमार , डॉ धर्मेन्द्र यादव,डॉ दीनदयाल शर्मा, डॉ विरेन्द्र कुमार, डॉ राम स्वरूप गुप्ता, डॉ कमलेश शर्मा, डॉ प्रशांत कुमार वर्मा, डॉ यू कुमार, डॉ केशव कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ अरविंद कुमार, मृत्युंजय कुमार ,धर्मेंद्र ठाकुर , पूनम कुमारी , निशु कुमारी , आरती कुमारी , मुन्नी कुमारी , रंजू कुमारी , अंजली कुमारी , पूजा कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# दाउदनगर में 28 सितंबर को शहीद -ए - आजम भगत सिंह की मनाई जाएगी जयंती

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार, अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)- शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती नगर भवन दाऊदनगर के प्रांगण में मनाई जायेगी । उक्त जानकारी संस्था के सचिव सत्येंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 28 सितम्बर को ही वर्षः-1907 के क्रान्तिकारी- शहीद भगत सिंह ने जन्म लिया था । उन्होंने आगे कहा कि जयंती समारोह का उद्घाटन भाकपा(माले) के राज्य कार्यकारिणी सदस्य मो अनवर हुसैन करेंगे । इस अवसर पर स्थानीय विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त आशय का निर्णय अरविंदो मिशन स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुई संस्थान की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया



कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्थानीय स्तर पर मौजूद प्रसिद्ध सामाजिक-राजनीतिक हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इनके अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों,शिक्षा-प्रेमियों एवं अन्य स्थानीय गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय छात्र - नौजवानों एवं अन्य आम नागरिकों के भी शामिल होने की संभावना है। इस बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष - कृष्णा प्रसाद चंद्र-वंशी तथा संचालन सचिव - सत्येन्द्र कुमार ने किया । इनके अलावा इस बैठक में कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह , तथा कार्यकारिणी सदस्यगण - बिरजू चौधरी , धर्मेन्द्र कुमार ,,सत्येन्द्र जायसवाल , श्रीमती मीना सिंह, कान्ति कुमारी , राजकुमार मालाकार , मो कयूम अंसारी ,अवधेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का मिलेगा लाभ

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार , प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)जिला प्रोग्राम कार्यालय की ओर से पोषण रथ का किया गया रवाना।हसपुरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे पोषण रथ को हसपुरा बाजार होते हुए , प्रखंड क्षेत्र के चांदी , गबसपुर गांव में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का प्रचार प्रसार किया गया। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से



गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली लाभ का प्रोजेक्टर से उसके थीम दिखाया गया। प्रथम गर्भवती सरकारी महिला को पांच हजार तथा दुसरी बच्ची को 6 हजार लाभ दिया जाता है। पोषण रथ का नेतृत्व करता प्रखंड कोडिनेटर राजू कुमार , आपरेटर प्रदीप कुमार ने बताया कि गबसपुर आंगनबाड़ी केंद्र सेविका विनीता कुमारी, हसपुरा बाजार केन्द्र सेविका प्रभावती कुमारी, सहायिका पुष्पा कुमारी,चांदी केन्द्र सेविका शांति कुमारी आंगन बाड़ी केन्द्र के बच्चों के माताओं को योजनाओं की जानकारी दिया गया।

# भूमि विवाद के निपटारे के लिए अंबा थाना में लगा जनता दरबार

**दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 23 सितंबर 2023 :- अंचलाधिकारी की मौजूदगी में



शनिवार को अंबा थाना परिसर में जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान भूमि विवाद संबंधित तीन मामले आएं। अंचलाधिकारी में उनकी बातों को सुना और स्थल जांच करने की बात कही। इस दौरान अंचलाधिकारी अभय कुमार, राजस्व अधिकारी हिमांशु कुमार, प्रभारी थानाध्यक्ष अनंत कुमार, पीएसआई संतोष सुमन, बलिया पंचायत के उप मुखिया अशोक कुमार पांडेय, हल्का कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार एवं हरीलाल उपस्थित थे।

# मां निर्दोष सेवा केंद्र के तत्वाधान में गया जिला के टिकारी प्रखंड सभागार में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की मनाई गई जयंती समारोह.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- माँ निर्दोष सेवा केन्द्र के तत्त्वाधान में प्रखंड सभागार,टिकारी में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने राष्ट्रकवि दिनकर के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया ।इस कार्यक्रम में बाइस विद्यालय के बच्चों ने निबंध लेखन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्द्धन शर्मा ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ,मुख्य वक्ता के रुप में डॉ रामचन्द्र रजक ,विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा निवृत्ति विशेष सचिव राय मदन किशोर और विधायक नरेंद्र कुमार और विधान पार्षद डॉक्टर अजय कुमार सिंह एवं सम्मानित अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज आनंद, पूर्व जिला परिषद सत्येंद्र नारायण, सुरेश यादव रामजी शर्मा, बुलबुल शर्मा, उपप्रमुख



गयादत्त शर्मा, नामित राजा सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संजय अथर्व एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजक हिमांशु शेखर ने किया। इस अवसर पर काव्य संग्रह पुस्तक झंकार का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि निखिल कुमार ने पुस्तक के संपादक रूद्र चरण मांझी एवं पुष्पा कुमारी की भूरी- भूरी प्रशंसा किया। राजवर्धन शर्मा ने कहा कि दिनकर विद्रोही स्वभाव के थे, एवं उनका लेखन क्षेत्र सर्वाधिक व्यापक रहा है। नीरज आनंद ने कहा कि उर्वशी में उन्होंने वीर रस से श्रृंगार रस का उल्लेख एक साथ किया है। निखिल कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं आयोजक हिमांशु शेखर को इस तरह के आयोजन के लिए शुभकामना दिया ।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति रामधारी सिंह दिनकर के पुत्र केदारनाथ सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात निखिल कुमार ने कांग्रेसी नेता लाला पंडित प्रजापति के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया.

# टेकारी में नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने मनाया राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती समारोह.

**दैनिक समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद ,वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया जिला के टेकारी में नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती समारोह मनाया,जिसकी अध्यक्षता राज्यवर्धन शर्मा ने किया. वहीं मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह औरंगाबाद के पूर्व सांसद एवं नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री दिनकर जी ने अपने काव्य के माध्यम से लोगों को जो



संदेश दिया है, जो हम सबों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा दोनों प्राप्त हो रहा है.

उन्होंने आगे कहा कि मृदुल ,स्वभाव अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने वाले राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की लिखी गई कविताओं को जितनी भी प्रशंसा की जाए कम ही होगी.

ऐसे तो कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए जयंती मनाया. जयंती कार्यक्रम में उपस्थित होने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वाल्मीकि प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे .

# पितृपक्ष एंटी लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को जिला पदाधिकारी ने गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान से हरी झंडी दिखाकर मेला क्षेत्र के लिए किया रवाना.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- पितृपक्ष एंटी लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान से जिला पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मेला क्षेत्र के लिए रवाना किया . बताते चलें कि पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था पूरी मुकम्मल रहे, इसे लेकर पूरे मेला क्षेत्र में 13 एंटीलाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को डे-डिकेट किया गया है. जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने उक्त सभी एंबुलेंस को गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान से हरी झंडी दिखाकर मेला क्षेत्र के लिए रवाना किया.जिला पदाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में कुल 13 एंबुलेंस को लगाया गया है, जिसमें विष्णुपद के पास 4, अक्षयवट में एक, रामसागर में 01, सीताकुंड में 01, सिकरिया मोड़ 01, खेल परिसर 01, गांधी मैदान 01, रेलवे स्टेशन 01, प्रेतशिला 01 निगम मॉनेस्ट्री में 01 एंबुलेंस को पॉइंट बनाकर रखा गया है. सभी एंबुलेंस एड-वांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस है। इन एंबुलेंस में सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी.कार्डियो पेशेंट को रेफर करने के लिए कार्डियो मॉनिटर, ऑक्सीजन इत्यादि की पूरी व्यवस्था रहेगी. आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है.साथ-साथ एंबुलेंस



के साथ मोबाइल मेडिकल टीम भी साथ रहेगी।.जो विभिन्न स्थलों पर जा जाकर तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य सुविधा का जांच करेंगे.सभी एंबुलेंस में आकस्मिक सभी दवाएं उपलब्ध रखी गई है.कोई भी तीर्थ यात्री किन्ही का तबीयत खराब होने से वह सीधे 102 पर कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य शिविर में जानकारी दें तुरंत बिना समय गंवाए एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी.डीपीएम नीलेश कुमार ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान सभी आठ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 11 बजे से 07 बजे तक काम करेंगे. पितृपक्ष मेला के दौरान 102 स्वास्थ्य कैंप तैयार किये गये हैं. इनमें पांच स्वास्थ्य कैंप 24 घंटे काम करेंगे.18 स्वास्थ्य कैंप 12 घंटे काम करेंगे तथा 66 स्वास्थ्य कैंप आठ घंटे संचालित किये जायेंगे।05 मोबाइल रिस्पांस टीम बनाई गयी है. इन स्वास्थ्य शिविरों में 132 चिकित्सक, 213 पैरामेडिकल स्टाफ तथा 53 अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है.पितृपक्ष के दौरान पिंडदानियों के सभी आवासन स्थल के समीप बनाये गए शिविर में चिकित्सकों का दल मौजूद रहेगा.जेपीएन अस्पताल में हेल्थ कंट्रोल रूम बनाया गया है. जहाँ 24*7 पदाधिकारी एवं कर्मी उपलब्ध रहेंगे. एम्बुलेंस चालको का नंबर हर स्वास्थ्य शिविर में प्रदर्शित रहेगा. जिला अस्पताल में 70 बेड विशेष रूप से पिंडदानियों के इलाज के लिए लगाए गए हैं. पिंडदानियों के लिए मिलावटी खानपान एवं इससे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों को रोकने के लिए पांच फूड इंस्पेक्टर खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करेंगे.24 घंटे काम करने वाले स्वास्थ्य शिविरः

**निगमा बोधगया**
**खेल परिसर, गया कॉलेज**
**विष्णुपद मंदिर**
**रेलवे स्टेशन**
**टेंट सिटी गांधी मैदान**
**आईडीएच हॉस्पिटल**

6:00 सुबह से 10:00 रात तक संचालित हेल्थ कैंप
संवाद सदन समिति
प्रेतशिला,टिल्हाधमार्शाला,महाबोधीमंदिर,ब्रह्मयोनि,देवघाट,घुघरीटांड,रामशीला,प्रेतशीला पह-ड़,केंदुई बस अड्डा,अक्षयवट,सिकरिया मोड़ ,आईटीआई परिसर.

सिविल सर्जन ने बताया कि यदि कहीं से किसी पिंडदानी की तबियत खराब की सूचना मिलती है तो उसे त्वरित गति से एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया जाता है. पितृपक्ष मेला के दौरान सभी चिकित्सीय शिविर के साथ-साथ सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं के साथ-साथ सभी प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध रखी गयी है.जिला पदाधिकारी ने कहा पितृपक्ष मेला के दौरान यात्रियों को फ्रेश एवं सही गुणवत्ता वाली खाना मिले इसके लिए फूड इंस्पेक्टर निरंतर रूप से खाद्य पदार्थों का जांच करते रहेंगे. उन्होंने फूड इंस्पेक्टर को सख्त हिदायत दिया कि पितृपक्ष मेला अवधि में फूड प्वाइजनिंग की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इसके लिए आवश्यक जरूरी मापदंड को अपनाते हुए कार्य करें. जिला पदाधिकारी ने डीपीएम स्वास्थ्य को सख्त हिदायत दिया कि पितृपक्ष मेला अवधि के दौरान मेला क्षेत्र में निरंतर रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तथा चुना का छिड़काव होते रहे, इसके लिए पर्याप्त ब्लीचिंग पाउडर तथा चुना की आपूर्ति रखें साथ ही निर्देश दिया कि ब्लीचिंग पाउडर तथा चुना के छिड़काव के मॉनिटरिंग हेतु एक पदाधिकारी या कर्मी की प्रतिनियुक्ति रखें ताकि वह ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव की जानकारी देते रहें.

# पितृपक्ष मेला महासंग्राम 2023 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले पिंडदान करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो जिसके लेकर जिला पदाधिकारी स्वयं कर रहे निगरानी .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर जिला पदाधिकारी स्वयं कर रहे हैं निगरानी. गया के जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम द्वारा सड़क, बिजली इत्यादि की जांच करने हेतु गोलपत्थर से नई गोदाम झीलगंज, तुतबाड़ी होते हुए एन एच-83 तक सड़क का निरीक्षण किया गया है.इस निरीक्षण के क्रम में अभियंता, पथ



निर्माण विभाग को सभी सड़कों को मरम्मती करने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही अभियंता, बुडको को निर्देश दिया की जहां भी अब तक नल जल योजना के कटे गए सड़क की मरम्मत नहीं किया गया है.सभी को मेला के पूर्व मरम्मती करना सुनिश्चित करेंगे. विद्युत विभाग के अभियंता को निर्देश दिया की जर्जर एवं ढीले तारों को यथाशीघ्र बदलना सुनिश्चित करेंगे.

# भाजपा गया जिला का बैठक भाजपा कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपुर में संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- भाजपा गया जिला का बैठक जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपुर में जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अध्यक्षता में आहूत किया गया. बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा ने कहा कि सेवा पखवारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है ,इसके अंर्तगत 24 सितंबर को मन की बात,25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती और 26सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर पार्टी के कार्यक्रमों में हिस्सेदारी बने . बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह ने कहा कि मंडल पदाधिकारी अपने अपने बूथ जो निर्गत किया गया है उसका सत्यापन कर कार्यकताओं में जोश भरे . भाजपा अपने संगठन का कार्य को मजबूती से कर पूरे बिहार में अव्वल रहा . सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवा पखवारा में जुड़ जाए.आज के बैठक में पूर्व सांसद हरि मांझी, पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान,लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह लघु उद्योग मंच के प्रभारी शंभू केशरी,दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय मांझी जिला के पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद



अधिवक्ता, अजय कुमार,युगेश कुमार,करुणा कुमारी, प्रीति सिंह,सम्फुल देवी ,रंजन कुमार सिंह, पप्पू चंद्रवंशी,संतोष ठाकुर,बिनोद सिंह, भुवन मोहिनी,भाजपा नेता मनीष पंकज उर्फ मनीष मिश्रा,प्रशांत कुमार,करुणा सिंह,अनिल सिंह,संतोष सिंह, राजेश चौधरी,हरे राम सिंह,नीमा देवी,विजय सिंह,संजीत सिंह,अखौरी निरंजन,सरयू ठाकुर,संजय सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए.

# अनुग्रह मध्य स्कूल में राष्ट्रीय कृमि कुक्ति दिवस समारोह का किया गया आयोजन, सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन

### स्कूल के 428 बच्चों ने खाया अल्बेंडाजोल का टेबलेट

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन आर बी श्रीवास्तव,एसीएमओ डॉ केशव कुमार डीआईओ डॉ मिथलेश कुमार सिंह एवं विद्यालय के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

इस मौके पर सिविल सर्जन ने शिक्षक की भूमिका में आकर बच्चों के बेहतर स्वास्थ हेतु अनिवार्य शर्तों की जानकारी दी !उन्होंने अल्बेंडाजोल को बहुत ही आवश्यक टेबलेट बताया जो उन्हें रक्ताल्पता,कुपोषण एवं मंदबुद्धि होने से बचाता है.

एसीएमओ डॉ केशव ने बच्चों को हर छह महीने पर अल्बेंडाजोल के टेबलेट खाने की सलाह दी.



डॉ मिथलेश कुमार सिंह ने बच्चों को विस्तृत स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दिए एवं अनुग्रह स्कूल के प्रधानाध्यापक के लगातार मिलते रहे सहयोग की चर्चा की.

विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया की बच्चों को मुस्तैद होकर अल्बेंडाजोल की डोज समय से दिलाई जाती है जिसके परिणाम भी अच्छे दिख रहे हैं. हेडमास्टर ने बताया की स्कूल उपस्थित 428 बच्चों को अल्बेंडाजोल खिलाया गया एवं छूटे बच्चों को 27 सितम्बर को इसके मॉप अप अभियान में खिलाया जायेगा.

इस अवसर पर जिला स्वास्थ समिति के डीपीसी नागेंद्र केशरी विषय से जुड़े भावों पर काव्यपाठ भी किये ! उपस्थित लोगों में यूनिसेफ के कामरान खान,डॉ श्याम कुमार,मोहम्मद अर्शी, वीसीसी राजेश सिन्हा, बीआई आशा अमन, कर्ण पीरामल, धनञ्जय कुमार, पीरामल ,शिक्षक योगेंद्र पाल, सतेंद्र चौधरी, शिक्षिका मंजू कुमारी, शारदा कुमारी,प्रभावती कुमारी आदि उपस्थित रहीं.

# नबीनगर के मुंगिया एवम मझियावांमे जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन : अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का हुआ उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 24 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के मुंगिया और मझियावां पंचायत स्थित पंचायत भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत,पुलिस अधीक्षक हृदय कांत,एडीएम मनोज कुमार, डीडीसी अभयेंद्र मोहन सिंह, एसडीओ विजयंत कुमार, एसडीपीओ अमानुल्लाह खान, ओएसडी अमीतकुमार,उद्योग





विभाग के महा प्रबंधक मनीष कुमार, डीटीओ शैलेश कुमार, बीडीओ देवानंद कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगिया पंचायत मे मुखिया जय प्रकाश सिंह एवम मझियावां पंचायत मे स्थानीय मुखिया अरुण राम ने किया।जन संवाद कार्यक्रम के तहत जिला के सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण जनता के सामने रखते हुए विस्तार से जानकारी दिया गया उसके बाद ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनके समस्याओं को सुना गया और हर संभव समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ ग्रामीण उठाएं जिला पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि दो सप्ताह मे पुनःएसडीओ और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की टीम द्वारा दौरा किया जाएगा और संवाद करते हुऐ समस्याओं का निबटारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में नबीनगर के बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, सीओ आलोक कुमार, पीओ विजय रंजन परमार,राज्स्व पदाधिकारी सुप्रीया आनंद, के अतिरिक्त जिला और प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी,मुंगिया पंचायत मुखिया जयप्रकाश सिंह, मझियांवा पंचायत मुखिया अरुण राम, निर्वाचित जन प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# पुलिस पर हमला करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखण्ड के ढिबरा थाना क्षेत्र के लीलजी गांव में पुलिस पर हमला करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ढिबरा थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि

ढीवरा थाना द्वारा पुलिस हमला के कांड के प्राथमिक अभियुक्त 1 छोटन भुइया पिता स्वर्गीय जगदीश भुइया 2 छठू भुइया पिता स्वर्गीय छेदू भुइया दोनों ग्राम लिलजी को थाना अध्यक्ष एवं सशस्त्र बलों के द्वारा बालूगंज बाजार से गिरफ्तार किया गया है।

आपको बता दें कि पिछले माह 7 अगस्त को लीलजी गांव में मारपीट के मामले की सूचना पर पहुंची ढिबरा थाना की पुलिस पर लीलजी गाँव के ग्रामीणों ने हमला कर दिया था जिसमे पुलिस के जवान गम्भीर रूप से घायल हो गयें थे।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लगातार छापेमारी की गई लेकिन किसी की गिरफ्तारी नही हुआ।अब वारंट के बाद कोर्ट से निर्गत इस्तेहार को लीलजी गाँव मे 5 अभियुक्तों के घर डुगडुगी बज-ाकर इस्तेहार चिपकाया गया था।लीलजी गाँव निवासी अभियुक्त महेंद्र भुइँया, राहुल भुइँया, रणजीत भुइँया, छोटन भुइँया, छटू भुइया के घर पर इस्तेजर चिपकाया गया है।जिसमे उन्हें कोर्ट में सरेंडर करने की बात कही गई थी।और कहा गया था की अगर निर्धारित समय मे कोर्ट से सरेंडर करके बेल नही लेंगे तो उनके घर मे कुर्की मालजप्ती की जाएगी।ज्ञात हो कि पुलिस पर हुई हमला में एक जवान गम्भीर रूप से घायल हुआ था जिसका एक ही हाँथ दो जगह टूट गई थी जबकि माथा और शरीर मे गम्भीर चोट आई थी। जो आज दो लोगों का गिरफ्तारी कर लिया गया है।

# बिहार-झारखंड में भारी से भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

बिहार और झारखंड में रूठा मानसून एक बार सक्रिए हो गया है। राजधानी पटना समेत बिहार के अन्य जिलों में गुरुवार से मौसम का मिजाज बदल गया है। वहीं बिहार-झारखंड के विभिन्न जिलों में हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश से तापमान में कमी आई है। इसी बीच मौसम विभाग ने बिहार और झारखंड के सभी जिलों में 22 सितंबर से 23 सितंबर के बीच भारी से भारी बारिश की संभावना जताई है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। दरअसल, मौसम विभाग ने बिहार-झा-रखंड में 22 सितंबर से 23 सितंबर के बीच भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। इसको लेकर मौसम विभाग की तरफ से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी पटना और रांची समेत दोनों ही राज्यों के सभी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 115.6 से 204.4 मिली तक बारिश होने की संभावना है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। मौसम विभाग ने बारिश के दौरान राज्य के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है और कहा है कि भारी बारिश की संभावना को देखते हुए लोग जल भराव की संभावना वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और कमजोर संरचनाओं से जितना संभव हो दूरी बनाए रखे। मौसम विभाग कहा है कि सावधान और सुरक्षित रहें।

# समर्पण एक नेक पहल संस्था के सक्रिय सदस्य दीपक कुमार ने 52 वीं बार अपना दुर्लभ रक्त दान किया

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के सक्रिय सदस्य एवं नियमित रक्त दाता दीपक कुमार ने अपना दुर्लभ रक्त समुह ओ नेगेटिव 52 वीं बार दान किया, दीपक चंद्रपुरा बोकारो के रहने वाले हैं और संस्था के साथ जुड़कर अब तक कई जरूरतमंदो की मदद कर चुके हैं 31 की उम्र में पचास से अधिक अपना दुर्लभ रक्त दान करना यह दर्शाता हैं कि दीपक एक नियमित रक्तदाता, संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि दीपक जी किसी भी



जरूरतमंद व्यक्ति के लिए 247 सक्रिय अवस्था में रहते हैं जैसे ही किसी भी मरीज को दुर्लभ रक्त ओ नेगेटिव की आवश्यकता हो वे तुरंत उनकी मदद करने के लिए पहुंच जाते हैं फिर चाहे वह अपना जिला हो राज्य हो या कोई दूसरा राज्य, दीपक जी असल जिंदगी एक असली नायक हैं '

# स्पंदन समाज सेवी संस्था का गठन

**समाज के जरूरतमंदों का कल्याण कार्य लिए बनाया गया संस्था।**

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद, समाज के जरूरतमंदों लिए ब्लड डोनेट कैंप,फ्री हेल्थ चेकअप कैंप,फ्री आई चेक अप कैंप,कल्चरल प्रोग्राम और सामाजिक कार्य के उद्देश्य से बना सामाजिक संस्था"स्पंदन"का हुआ गठन ,जिसके तहत आज नया कॉलोनी शिव मंदिर,धनबाद में एक बैठक किया गया जिस्की अध्यक्षता मनोज मजूमदार के उपस्थिति में



हुई, जिसमें एक कमेटी का गठन किया गया और यह निर्णय लिया गया कि समाज कल्याण के कार्य में ही संस्था कार्य करेंगे,जिसमें मनोज मजूमदार अध्यक्ष परिमल अचार्जी उपाध्यक्ष, बारणाली सेनगुप्ता सचिव, अभिजीत साहा संयुक्त सचिव,लीलामोय गोस्वामी कोषाध्यक्ष,करुणामोई हालदार सह कोषाध्यछ ,स्वाति गुप्ता कल्चरल सेक्रेट्री ,सुरोजीत पाल एडवाइजर , काकोली सेनगुप्ता,असिस्टेंट एडवाइजर अरविंदो बनर्जी प्रवक्ता नीलकमल खवास,मीडिया प्रभारी और दस कार्यकारी सदस्य बनाए गए।

# 4 महिने का अनाज डीलर द्वारा डकारने का लाभूकों ने लगाया आरोप

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता( चांडिल)

चांडिलःसरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के पारगामा के ग्रामीण लाभूकों ने किशुनडीह गांव निवासी डीलर बलभद्र मुर्मू के खिलाफ 4 महिने का अनाज आपूर्ति नहीं करने का आरोप लगाया है। पारगामा के डीलर शंकर चन्द्र महतो के मृत्यु के बाद किशुनडीह के डीलर बलभद्र मुर्मू को पारगामा के



लाभूकों का अनाज आपूर्ति विभाग द्वारा आबंटन किया गया। लाभूकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी लिखित आवेदन देकर डीलर द्वारा ठप्पा लगाने के बाद अनाज देने में बार बार डीलर के पास चक्कर लगाने के बाद अनाज मिलने का बात बताया गया है। आवेदन में 1 से ढाई किलो प्रति कार्ड अनाज काटकर देने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि डीलर से कम अनाज देने का शिकायत करने पर डीलर द्वारा गलत व्यवहार भी किया जाता है। वहीं शनिवार को ग्रामीणों ने पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव के उपस्थिति में बैठक कर 4 महिने का अनाज आपूर्ति करने का मांग किया है। अनाज एक सप्ताह के अंदर आपूर्ति नहीं करने की स्थिति में प्रखंड कार्यालय का घेराव करने का सहमति बनाया गया। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि डीलर के मृत्यु के बाद नये डीलर बलभद्र मुर्मू द्वारा दो महीने का ही अनाज आपूर्ति किया गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से सितम्बर के अंदर सिर्फ दो महीने का ही अनाज दिया गया है, तो 4 महिने का गरीबों का अनाज कहां गया। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पदाधिकारी 4 महिने का अनाज एक सप्ताह के अंदर आपूर्ति नहीं किया गया तो पुरे जन समुह के साथ प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# मेहनती किसान ने मिट्टी और मुट्ठी से फसल उगाया ,बन गया करेली मेन।

*किसान के मिट्टी और मुट्ठी मजबूत है तो मिसाल कायम कर सकता है ---फुरकान*

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा (झारखंड)**

जीवन मे कल्पना की उड़ान भरना वास्तविक सच्चाई नहीं है वल्कि हर व्यक्ति के अन्दर जज्बा हूनरा हौसला तथा प्रतिभा कुट- कुट कर भरा हुआ है।उसे अमल करना ही बड़ी बात है । उस का निखार ला कर आत्मनिर्भर बनने की कला कौशल की गुर सीखना है तो फुरकान अंसारी से मिले ।करेली मेन फुरकान अंसारी अपनी मेहनतकश मजदूरी के बलबूते खिजुरिया गांव मे करेली की खेती करके आत्मनिर्भर तो हुआ है साथ ही एक मिसाल बनते जा रहा है ।उन्होंने सिर्फ करेली की खेती नही किया वल्कि बेगन,टमाटर, कोभी,तथा ओल की खेती करते आ रहा है। करेली मेन फुरकान अपने आप मे मिसाल है फुरकान ने बताया कि खिजुरिया मे किसानो को सब्जी की खेती करने के लिए प्रेरित किया था वह अब्दुल जी ।उन्होने करके दिखाया और लोग उनके दिशा-निर्देश मे खेती करने लगे, जिसका परिणाम आज सिर्फ खिजुरिया ही नही आस पास के गाँव के किसान सब्जी की खेती करने लगे और आत्मनिर्भर बनते गये। इस मौसम मे केरेली की खेती किसान के लिए मृत संजीवनी का काम करता है धान की खेती करके किसान जीवन यापन तो कर सकता है लेकिन और कुछ करने के लिए उन्नत खेती अर्थात सब्जी की खेती करना है।किसान करेली मेन फुरकान बताते है कि किसान का सबसे बुरा वक्त खेती करने के बाद आ जाता है किसान का हाथ खाली हो जाता है ।उस समय करेली की खेती किसान के लिए मृत संजीवनी का काम करता है वो भी पड़ती बंजर जमीन मे सिर्फ एक एकड़ मे 20 हजार की लागत से करेली की खेती मे 80 हजार तक कमा सकते है।आज खिजुरिया के किसान द्वारा एक सौ एकड़ मे करेली की खेती किया गया है फुरकान ने बताया कि चारपहीए वाहन से अपने राज्य को और पड़ोसी राज्य के सब्जी मन्डी मे करेली भेजा जाता रहा है। टी के ग्राम संस्थान का स्थापना बहुउद्देशीय को सकारात्मक पहल के लिए किया गया था जैसे शिक्षा स्वास्थ्य और पूजा-पाठ। शिक्षा मे बेसिक के साथ कृषि क्षेत्र मे भी ।आज ये संस्थान सिर्फ किंवदन्ती बन कर रह गया है ।

# केंद्रीय विद्यालय मैथन में दसवीं और बारहवीं के छात्राओं को लैब कीट, केमेस्ट्री, फिजिक्स का सोल्यूशन किताब एवं अन्य सामग्री जे.एन.वी के तरफ से दिया गया

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद झमैथन केंद्रीय विद्यालय में दसवीं एवम बारहवीं के छात्राओं को जवाहरलाल नवोदय विद्यालय के द्वारा लैब बायोलॉजी कीट और केमेस्ट्री, फिजिक्स का सॉल्यूशन बुक दिया गया । प्रधानाध्यापक प्रबीर कुमार साह ने छात्राओं को बायोलॉजी , केमस्ट्री, फिजिक्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा की आज का मानव प्राचीन युग के मानव से बिलकुल अलग बन गया है। आज के युग को विज्ञान के चमत्कारों का युग माना जाता है। विज्ञान दो शब्दों से मिलकर बना है- वि+ज्ञान। जिसका अर्थ होता है किसी वस्तु का विशेष ज्ञान। आज के युग के विज्ञान



की उन्नति को देखकर संसार चकित हो गया है। विज्ञान को विवेक का द्वार माना जाता है। अपने भौतिक सखों के लिए ही मानव विज्ञान की शरण में आया है और विज्ञान मानव के लिए कल्पवृक्ष सिद्ध हुआ है। विज्ञान के बहुत से अद्भुत आविष्कारों को देखकर मनुष्य ने दाँतों तले ऊँगली दबा ली है। विज्ञान की चकाचौंध से मनुष्य स्तब्ध रह गया है। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रबीर कुमार साह के साथ साथ सभी शिक्षक गण एवं जवाहरलाल नवोदय विद्यालय के शिक्षक मौजुद रहे

# झारखंड के स्मृति शेष विरासत पुर्व योद्धा विनोद विहारी महतो का सौ वीं वर्षगांठ मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) :- बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय के समीप बिनोद बिहारी महतो के 100 वीं वर्षगाठ के अवसर पर बिनोद बाबू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। बिनोद बाबू के पढ़ो और लड़ो के नारे के साथ पुरा झारखंड में क्रांति लाए गए थे। हम सभी आजसू पार्टी अधिकारी एवं कार्यकताओं को बाबु के सपनों का झारखंड कैसा हो उन्ही के आदर्शों के साथ चलने का संकल्प लिया गया । साथ ही साथ केंद्रीय कमिटी के आदेशानुसार रांची में होने वाले महाधिवेशन कार्यक्रम पर चर्चा परिचर्चा किया गया , ग्राम प्रभारी बनाने का काम कर के जल्द सूची केंद्रीय कार्यलय में भेजने का



निर्णय लिया गया।

इस मौके पर अध्यक्षता प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता एवम संचालन सचिव राजेन्द्र कुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष अजय विष्व कर्मा ,सह सचिव बबलू यादव,कोषाध्यक्ष संजय दास, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू दास, अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा पिन्टू वर्मा,सत्यदेव राय,खरखरी पँचायत अध्यक्ष सचिन रजक शाखाबारा सचिव रमेश कुमार,पिन्टू यादव,दीपक पाण्डे रामप्रवेश साव,सिकन्दर शर्मा, राजेश साव,पिन्टू वर्मा,लखविन्दर सिंह,आनंद रंजन, महेश यादव,लालो यादव,राजेश कुमार साव,पंकज तुरी,बसंत यादव,इत्यादि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# झारखंड के भीष्म पितामह कहे जाने वाले विनोद बिहारी महतो के शताब्दी जयंती मनाई गई

*सामाजिक कुरीतियों के अलावा महाजनी शोषण का भी तीव्र विरोध कर बिनोद बिहारी ने लोगों के साथ आंदोलन चलायाः गोपेश महतो*

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलःचांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सुकसारी गाँव स्थित जे बी के एस एस के प्रधान कार्यालय में बिनोद बिहारी महतो के शताब्दी जयंती मनाई गई।वही मोके पर स्थित जे बी के एस एस के सक्रिय सदस्य गोपेश महतो ने कहा कि मूलभूत आवश्यकता को प्रथिमकता देना उनका सपना था , आज हम सभी युवा साथी उनके विचारों से प्रेरित होकर आगे बढ़ रहे हैं। धनबाद जिले के सुदूर बलियापुर बड़ादाहा गांव में जन्मे शिक्षाविद् बिनोद बिहारी महतो पढ़ो और लड़ो का नारा देकर अमर हो गए। चार फरवरी 1973 को अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन, प्रसिद्ध मजदूर नेता एके राय, टेकलाल महतो आदि के साथ मिलकर उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया।





वर्षों अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन कर इसे मुकाम तक पहुंचाया। वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य की घोषणा की पढ़ो और लड़ो का नारा देने के साथ सामाजिक कुरीतियों के अलावा महाजनी शोषण का भी तीव्र विरोध कर बिनोद बिहारी ने लोगों के साथ आंदोलन चलाया। यही कारण है कि धनबाद और इसके आसपास जिलों के ग्रामीण जागरूक हुए। अपने अधिकार के लिए आवाज उठानी शुरू की। इसका उन्हें परिणाम भी मिला। बिनोद बिहारी सामाजिक कार्य करने के कारण ही वे आज भी ग्रामीणों के दिलों में बसे हैं। बलियापुर बीबीएम कालेज परिसर में इनके समाधि स्थल के अलावा पूरे राज्य में इनकी 23 सितंबर को इनकी जयंती और 18 दिसंबर को पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाती है।मौके पर उपस्थित मुखिया मंगल मांझी , फुलचंद महतो, गोपेश महतो , कार्तिक कालिंदी , विष्णुपद महतो, गौतम महतो , पर्वत महतो , मानिक किस्कू, फुलचंद महतो , बासुदेव महतो आदि उपस्थित थे।

# आदित्यपुर टाटा मोटर्स ने ग्राहकों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए एलपीटी 1916 मॉडल बाजार में उतारा है.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड) 23 सितंबर 2023**

मिथिला मोटर्स की ओर से बताया गया कि "बचत भी-भरोसा भीह्व के फलसफे को ध्यान में रखते हुए कंपनी इस कमर्शियल गाड़ी का निर्माण किया है. यह गाड़ी 18/20/22 और 24 फीट के डाला के साथ उपलब्ध रहेगा. इस गाड़ी का कुल वजन 18.5 टन और लोडिंग क्षमता 13 टन की होगी. इसके इंजन की क्षमता 3.3 एलएनजी है और हेवी मोड स्विच, हैवी और लाइट मोड में उपलब्ध रहेगी. इसमें गियर शिफ्ट एडवाइजर की सुविधा दी गई है. साथ ही कम घिसने वाला टायर दिया गया है. कार की तरह इसमें क्रूज कंट्रोल लगाया गया है. केबिन के अंदर चालक चल फिर सकेगा और ब्लूटूथ



की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है. बताया गया कि इसमें व्हीकल ट्रैकिंग और ट्रेकिंग सिस्टम के साथ फ्यूल थेफ्ट अलर्ट लगाया गया है. यह गाड़ी 1 लीटर ईंधन में 7.5 किलोमीटर की दूरी तय करेगा.

# वर्षो बाद बनेगी भुइयांसिनान-लायलम सड़क, विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा पर स्वीकृत डेढ़ दर्जन जर्जर सड़कों का होगा विशेष मरम्मती कार्य

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के लगातार प्रयास और उनके द्वारा की गई अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में जर्जर हो चुकी करीब डेढ़ दर्जन सड़कों की विशेष मरम्मती का कार्य ग्रामीण विकास विभाग (आरडीडी ) से किया जाएगा। जिसकी स्वीकृति विभाग से मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया का कार्य भी पूरी कर ली गई है। बहुत जल्द सड़कों का शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ भी किया जाएगा। सड़कों की मरम्मत होने से इन जर्जर सड़कों पर गुजरने वाले राहगीरों को काफी राहत मिलेगी।

**इन सड़कों पर होगा कार्यः-**

डिमुडीह मोड़ से कमालडीह (बड़ाचिड़का) तक 6.80 किमी, पटमदा बस्ती से बांसतोला तक 2.45 किमी, बिरखाम पथ से पोकलाबेड़ा तक 4.95 किमी, पानियादा से डिगारडीह तक 3.60 किमी, बिरखाम से जोड़सा तक 1.60 किमी, पहाड़पुर से कुईयानी



तक 5 किमी, माझीडीह (गोपालपुर) से बारुबेड़ा तक 2.55, बांसगड़ से मुकरुडीह तक 1.53 किमी, काटिन मुख्य सड़क से गोपालपुर बांधडीह तक 1.78 किमी, लायलम हाट मैदान से कोड़पाकल तक 2.10 किमी, चुड़दा से मुकरुडीह वाया लच्छीपुर तक 7.10 किमी, गोविंदपुर झ आसनबनी- लुआवासा 5.10 किमी, नारगा से भुरसाघुटु तक 6.13 किमी, छोटाबांकी- गोविंदपुर 3.45 किमी, छोटा गोविंदपुर झ रुहिडीह 2.17 किमी, छोटाबांकी से बेको तक 8 किमी, पटमदा पीडब्ल्यूडी रोड से रांगाटांड़ से काशीडीह वाया सुन्दरपुर तक 4 किमी, सुन्दरपुर तीन सिमाना से चौरा घाघरा पश्चिम बंगाल बॉर्डर तक 8.60 किमी एवं भुइयांसिनान डोरेन सिंह मुंडा चौक से लायलम तक 2.20 किमी पथ का विशेष मरम्मत कार्य शामिल हैं।

# विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार भवन में पंचायत समिति की समीक्षात्मक सदस्यों की अ सन्तुष्टि के साथ बैठक हुई।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग(झारखंड) 23 सितम्बर । बिष्णुगढ़ सभागार भवन में पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक मासिक बैठक की गई

बैठक की अध्यक्षता प्रमुख जैबुन निशा तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगाड़ी ने किया। बैठक में जहां एक ओर उपस्थित सदस्यों के द्वारा सरकार के कार्यक्रमों, तथा , गत बैठकों में लिए गए प्रस्तावित विन्दु पर कार्रवाई पर समीक्षा की गई । वहीं दूसरी ओर बैठक में उपस्थित विभाग के अधिकारियों के द्वारा वर्तमान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से विष्णुगढ़ प्रखंड को सुखाड क्षेत्र घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रखंड क्षेत्र के गावों में अज्ञात बीमारियों का उपचार नहीं होने का खेद प्रकट किया गया। साथ ही अविलंब उपचार करने का प्रस्ताव लिए गए , मनरेगा में सामग्री राशि प्रत्यक्ष रूप से लाभुकों को देने और काम में ब्यय किए गए राशि का सदुपयोग सही हो , बैठक की पूर्व सूचना के बावजूद मनरेगा पदाधिकारी की उपस्थिति नदारद रहने पर सदस्यों ने आपति ब्यक्त किया। स्वास्थ्य समितियों को क्रियाशील बनाते हुए बरसात के दिनों में किटाणुओं से होने वाले बिमारियों से बचाव हेतु



आवश्यक छिडकाव की बात रखा , अपूर्ण आवास को पूर्ण करने तथा नये आवास में सही लाभुक का चयन करने , क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाते हुए छोटे छोटे विवादों में आपसी समन्यवय के साथ निपटारे के पहल करने प्रयास किया जाय , डीलर स्तर पर गठित निगरानी समिति को क्रियाशील बना कर लाभुक को समय पर राशन दिये जाने की बात आई , आंगनवाड़ी में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा केन्द्र की निगरानी नियमित करने, विष्णुगढ़ जलापूर्ति पाइपलाइन का लीकेज बंद करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जल नल योजना में बरती जा रही अनियमितता को दूर करने तथा गोविंदपुर उच्च विद्यालय के शिक्षिकाओं का प्रतिनियोजन रद्द करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख जैबुन निशा, वीडियो संजय कोगांडी, सीओ रामबालक कुमार, उप प्रमुख सरयु साव, सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, शेख तैयब चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, रामचंद्र दांगी, पंचायत समिति सदस्य अजय मंडल, महताब आलम, मुन्नी देवी, घनश्याम पाठक, सुशील मंडल, मुखिया कुंवर हांसदा, राजेंद्र मंडल समेत कई पंचायत समिति सदस्य और विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की सूचना रहने के बावजूद कुछ विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति नहीं रहने पर सदन में खेद व्यक्त की गई। सीओ की मनमानी का विरोधी किया गया एवं कार्यशैली में सुधार किए जाने की मांग की गई।

# सांसद संजय सेठ का ईचागढ़ विस वासियों को तोहफा, वंदे भारत एक्सप्रेस का चांडिल जंक्शन पर होगा ठहराव

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 23 सितंबर 2023 : रांची से हावड़ा के लिए रविवार से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत नीमडीह प्रखंड में स्थित चांडिल रेलवे जंक्शन पर भी सुनिश्चित हो गया है। इसकी अधिसूचना दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा जारी कर दी गई है। विदित हो कि वंदे भारत एक्सप्रेस का रांची से हावड़ा के लिए परिचालन रविवार 24 सितंबर से सुनिश्चित किया गया है। स्थानीय सांसद संजय सेठ ने अपने प्रस्ताव में रेल मंत्रालय को बताया था कि चांडिल में भी इस ट्रेन का ठहराव दिया जाए। चांडिल बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है और झारखंड व पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित है। रविवार से आरंभ होने वाले इस वंदे



भारत एक्सप्रेस की सूची में चांडिल जंक्शन का नाम शामिल नहीं था। गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से बात की और चांडिल में इसका ठहराव देने का आग्रह किया। सांसद के आग्रह के आलोक में रेल मंत्री ने संबंधित रेल अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस निर्देश के आलोक में चांडिल स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया गया। सांसद ने इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। इस संबंध में रघुनाथपुर निवासी ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा के निवासियों को कोलकाता व रांची आवागमन के लिए काफी सुविधा होगी।

# जनवितरण प्रणाली दुकानदार प्रदीप साहू पर गिर सकती है गाज। लाभुकों ने फिर एक बार खटखटाया विभाग का दरवाजा।

*राशन डीलर प्रदीप साहू पर करवाई करे विभाग,अन्यथा नही उठाएंगे राशन : लाभुक*

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)23 सितंबर 2023 : राजनगर प्रखंड के गोपीनाथ जनवितरण प्रणाली दुकानदार प्रदीप साहू( अनुज्ञप्ति संख्या 02/2006) के खिलाफ कड़ी कारवाई की मांग को लेकर बादाम तलिया और गोपीनाथ गाँव के लाभुक पहले जिला आपूर्ति पदाधिकारी फिर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष पहुँचे।और जनवितरण प्रणाली दुकानदार प्रदीप साहू के खिलाफ जल्द कारवाई करने की मांग की।

लाभुकों ने कहा प्रदीप साहू द्वारा प्रति माह राशन में कटौती की जाती है।और यदि लाभुक कुछ कहते है तो उन्हें डांट फटकार किया जाता है।लाभुकों ने यह भी कहा कि इससे पहले भी दो बार राशन कटौती की शिकायत पर प्रदीप साहू पर कारवाई की गई थी।इसके बावजूद सुधार नही हो पाया।



इस बार ग्रामीणों ने प्रदीप साहू को बर्खास्त करने की माँग रखी है।और कहा बादाम तलिया गाँव के लाभुकों को अन्य राशन डीलर के साथ टैग किया जाय। हमें अब प्रदीप साहू से राशन नही चाहिय।

बता दें कि गोपीनाथपुर जनवितरण प्रणाली दुकानदार प्रदीप साहू के विरोध में ग्रामीणों ने 16 सितंबर को जिला आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था।लेकिन अब तक कोई कारवाई ना होता देख,शुक्रवार को फिर एकबार बादामतलिया और गोपीनाथपुर के ग्रामीण जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिले।वहीं सरायकेला से लौटने के बाद प्रखंड आपूर्ति सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिल कर जल्द कारवाई की मांग की।एवं कहा : हम सब ग्रामीण सह लाभुकों की मांग है प्रदीप साहू राशन डीलर के ऊपर कारवाई हो।अन्यथा हम इस महीने का राशन नही उठाएंगे।

# दो महीना से अनाज नही मिलने को लेकर जनप्रतिनिधियो की बैठक

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत भवन में शनिवार को विभिन्न गावों से आए वार्ड सदस्यों,ग्राम प्रधानों, ग्रामीणों के संग एक बैठक किया गया जिसमें करीब 2 महिना से राशन दुकान मे ग्रामीणों को अनाज न मिलने, जिसके चलते ग्रामीणों मे हो रहे परेशानियों और इस समस्या का समाधान कैसे होगा ताकी ग्रामीणों को जल्द अनाज मिले इसको लेकर चर्चा किया गया, फिर निर्णय लिया गया की 25 सितंबर को विभिन्न गावों के डीलरो के संग एक बैठक कर समस्या को जानने की



कोशिश की जाएगा कि किस कारण से ग्रामीणों को 2 महिना से अनाज नही मिल रहा है, अगर जिला से इस समस्या का समाधान नहीं होता है तो सभी ने विधानसभा तक जाने का निर्णय लिया । बैठक में मुखिया अजब सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि श्री अंगद सिंह, सोमाडिह ग्राम प्रधान अधर सिंह, कोयरा ग्राम प्रधान बुचन सिंह, आमझोर ग्राम प्रधान रघुनाथ सिंह, खोकरो ग्राम प्रधान संतोष सिंह, वार्ड सदस्य भ्रमर सिंह, मान सिंह, निखिल महतो, बेलारानी सिंह और ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# सरायकेला उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निदेर्शानुसार जिला में अवैध दारू माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड) 23 सितंबर 2023**

मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि राजनगर एवं गम्हरिया थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से दारू भट्टी का संचालित किया जा रहा है. वही अवैध संचालित भट्ठी के साथ विदेशी शराब की नकली बोतले भी बनाई जा रही है. तत्पश्चात आबकारी विभाग बिना विलंब करते हुए एक



टीम गठित कर स्थानीय थाना के सहयोग से उक्त स्थल पर छापामारी की जहां उन्होंने छापामारी के दौरान 2000 केजी जावा को विनस्ट किया. वही डेढ़ सौ लीटर चुलाई शराब , 52.1 लीटर विदेसी शराब एवं दो मोटरसाइकिल को जब्त किया है. इस अवैध कारोबार में सात सम्मिलित व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.